e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 334
मंगलवार
10.12.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

झरनों से इतना मधुर संगीत कभी न सुनाई देता, अगर राहों में उनके पत्थर न होते!

## क्विक न्यूज

### गुजरात में दो कारों की भिड़ंत में पांच विद्यार्थी समेत सात की मौत

**अहमदाबाद :** गुजरात के जूनागढ़ के मालिया हटिया के समीप जूनागढ़-वेरावल हाईवे पर भंडूड़ी के पास दो कारों की सोमवार सुबह भीषण टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई। घटना में एक कार का गैस का सिलेंडर फटने से पास स्थित झोपड़ी में आग भी लग गई। मृतकों में पांच विद्यार्थी शामिल है जो परीक्षा देने जा रहे थे। घटना के संबंध में पुलिस उपाध्यक्ष दिनेश कोडियातर ने बताया कि मालिया के भंडूड़ी गांव के पास दो कारों की जोरदार टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए मालिया के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को धमकी देने के आरोपित को रिमांड पर ले गई दिल्ली पुलिस

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री और झारखंड की राजधानी रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रंगदारी मांगने के साथ जान से मारने की धमकी देने के मामले में सोमवार को दिल्ली पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपित को साथ ले गई। आरोपित मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ्तार करने के बाद रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीम ने सोमवार को उसे रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम की कोर्ट के पेश किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने मिन्हाजुल की 72 घंटों की ट्रांजिट रिमांड देने का आग्रह किया लेकिन कोर्ट ने 48 घंटों की ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 11° |

# झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र हुआ शुरू

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अधिकारी और मंत्रियों ने गुलदस्ता देखकर किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार को शुरू हुआ. यह सत्र 12 दिसंबर तक चलेगा. इस दौरान सदन में पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित कई मंत्रियों ने गुलदस्ता देखकर स्वागत किया। पहले दिन सदन में सभी विधायकों को शपथ दिलाई गई. शपथ दिलाने के बाद सभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई.इस दौरान नवनिर्वाचित विधायकों और मंत्रियों में जबरदस्त उत्साह नजर आया. झारखंड विधानसभा सत्र के पहले दिन सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों ने राज्य में तेजी से विकास होने की उम्मीद जताती. मंत्रियों और विधायकों ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर काम करेगी.वहीं विपक्ष के विधायकों ने कहा कि वह सदन में जनता की आवाज बनेंगे.रामगढ़ की विधायक व कांग्रेस नेत्री ममता देवी ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन पर दोबारा भरोसा जताया है.

### सदन में नंगे पांव पहुंचे जेएलकेएम के प्रमुख जयराम महतो

### नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे रामदास सोरेन ने प्राथमिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सरकार और उनका विशेष फोकस शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने पर होगा। वहीं जेएलकेएम के प्रमुख जयराम महतो भी पहली बार झारखंड विधानसभा के सत्र में भाग लेने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने नंगे पांव सदन में प्रवेश किया. उन्होंने कहा कि वे जनता के मुद्दे सदन में उठाने का काम करेंगे बता दें कि 12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के पहले दिन विधानसभा चुनाव में निर्वाचित सदस्यों को सदन में प्रोटेम स्पीकर डॉ. स्टीफन मरांडी ने शपथ दिलाई.




**12 दिसंबर तक चलेगा यह सत्र**

**पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्र नाथ महतो को स्पीकर के तौर पर निर्विरोध रूप से चुन लिया जायेगा**

# जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर संसद में मचा हंगामा

### सोरोस से मिलकर देश के खिलाफ साजिश रच रहा गांधी परिवार : भाजपा

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** भाजपा ने आरोप लगाया है कि अमेरिका के डीप स्टेट के साथ मिलकर गांधी परिवार भारत के खिलाफ साजिश रचने में शामिल हैं। आज संसद में भी भाजपा ने इस मामले को उठाया और कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का संबंध जॉर्ज सोरोस फाउनडेशन से है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना चाहते हैं। जॉर्ज सोरोस एक अमेरिकी व्यवसायी हैं, जिनका जन्म हंगरी के बुडापेस्ट में 1930 में हुआ था। सोरोस की गिनती दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में होती है। उनका जन्म एक यहूदी परिवार में हुआ था, जो काफी समृद्ध था। सोरोस का परिवार हंगरी में नाजी कब्जे से निकलकर 1947 में ब्रिटेन आ गए। यहां उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स से पढ़ाई की।ये भी आरोप है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का संबंध जॉर्जसोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित एक संगठन से है, जिसने कश्मीर के एक स्वतंत्र राष्ट्र के विचार का समर्थन किया है। भाजपा ने दावा किया कि फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी, जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित संगठन से जुड़ी हुई हैं।

असर्फी हॉस्पीटल
MGM HEALTHCARE
आपका अपना सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल
एमजीएम हेल्थ केयर चेन्नई के सहयोग से धनबाद में पहली बार
लीवर ट्रांसप्लांट क्लिनिक
Dr. Srikanth Thummala
Consultant, Institute of Liver Transplant and HPB Surgery
MGM Healthcare, Chennai
MBBS, MS, Fellowship in HBLT (Hepatobiliary & Liver Transplantation)
Medanta, Gurugram, New Delhi, Fellowship in Advanced Liver Transplantation
Suffering in
- Liver Cirrhosis
- Fatty Liver
- Liver Cancer
- Gallbladder Cancer
- Pancreatic Cancer
- Hepatitis B & C
- Jaundice
Clinic Date : 19th Dec. (Thursday)
10:00 AM TO 02:00 PM
7808368888
www.asarfihospital.com
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130



# अंधविश्वास में चाची ने की भतीजे की हत्या, आरोपी महिला गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ पंचायत के बहेरा गांव निवासी अखिलेश सिंह के 8 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। मृतक के पिता अखिलेश सिंह ने बताया कि मेरा बेटा सोमवार से ही खेलने के क्रम में गायब था। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल चैनपुर पुलिस को दी थी और गांव के ही एक महिला सुनीता देवी पति जमुना सिंह पर अपहरण करने का आशंका जताया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को पूछताछ के लिए थाने लाई पूछताछ करने के बाद महिला ने अपना जुर्म कबूल किया। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले मृतक प्रेम कुमार के दादी ने मेरे 5 महीने के बच्चे को भूत प्रेत लगाकर मार दिया था। इसी बदला को पूरा करने के लिए वह प्रेम कुमार को अगवा कर गला दबाकर हत्या कर दी एवं शव को बगल के अरहर के खेत में फेंक दिया था। महिला के निशानदेही पर पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इधर महिला को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर चैनपुर पुलिस ने टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए शव एवं हत्या करने वाले को गिरफ्तार किया। छापेमारी दल में पु0अ0नि0 अनिल विद्यार्थी, बाबूलाल दुबे, स0अ0नि0 रामचंद्र चंद्रवंशी, शहंशाह आलम सिद्दीकी एवं थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## क्षेत्र भ्रमण कर पूर्व मंत्री ने लिया कार्यकर्ताओं का हाल-चाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर कार्यकर्ताओं का हाल-चाल लिया। इस दौरान ठाकुर रंका कला मुखिया सविता गुप्ता की निधन की खबर सुनकर मृतका के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही संगबरिया के पंचायत सचिव रघुवीर सिंह का गत दिनों ब्रेन हेमरेज हो गया था। श्री ठाकुर ने उनके घर पहुंच कर हाल-चाल लिया। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के साथ है। पार्टी की ओर से आवश्यकतानुसार हर संभव सहयोग किया जाएगा। वे अपने कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के प्रत्येक जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, आशीष गुप्ता, शंभू गुप्ता, शंभू यादव, रोशन पाठक, अनिल चंद्रवंशी, जैनुलाल्लाह अंसारी, कार्तिक पांडेय, पप्पू यादव, वीरेंद्र साव आदि लोग मौजूद थे।

## शिया इमामबारगाह व मस्जिद के मुतावल्ली चुने गये शमीम



**हैदरनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर के भाई बिगहा स्थित शिया वक्फ के इमामबारगाह एवं मस्जिद के मुतावल्ली सैयद अयूब हुसैन की मृत्यु के बाद नए मुतवल्ली के चयन को लेकर शिया मुसलमानों की बैठक भाई बिगहा स्थित इमामबारगाह परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सैयद साबिर हुसैन ने की। नए मुतवल्ली के चयन को लेकर सैयद मोहमद हुसैन ने सैयद शमीम हैदर के नाम का प्रस्ताव रखा। सर्वसम्मति से सैयद शमीम हैदर को मुतावल्ली चुन लिया गया। साथ ही नायब मुतावल्ली सैयद नेहाल हैदर को चुना गया। उपस्थित लोगों ने दिनों का फूल माला देकर स्वागत किया। मुतावल्ली सैयद शमीम हैदर ने कहा कि शिया से संबंधित भाई बिगहा में मस्जिद और इमामबारगाह की हिफाजत के साथ साथ इससे संबंधित सभी दस्तावेज को अद्यतन कराने का काम वह करेंगे। उन्होंने कहा कि शिया वक्फ से जुड़े जितने भी धार्मिक या अन्य संपत्ति है, उसका पता लगा कर उसे संरक्षित करने का भी प्रयास वह करेंगे। सैयद शमीम हैदर के मुतावल्ली चुने जाने पर अख्तर हुसैन, सैयद साबिर हुसैन, सैयद मोहम्मद हुसैन, सैयद शान हुसैन, सैयद नैयर हुसैन, सैयद तनवीर हुसैन, सैयद लल्लन हुसैन, सैयद हुसैन हैदर समेत कई लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि सैयद शमीम हैदर के नेतृत्व में वक्फ से जुड़ी संस्थाओं का विकास होगा।

## चैनपुरः अबुआ आवास में घूसखोरी चरम पर, त्रिपाठी ने ग्रामीण विकास मंत्री को लिखा पत्र



**मेदिनीनगर( प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत के बलहिया निवासी रुक्मणि देवी पति लक्ष्मी यादव ने अबुआ आवास के प्रथम किस्त में ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत बीएफटी संजय रवि पर 10 हज़ार रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाई थीं। साथ ही दूसरे किस्त में उच्च अधिकारी के नाम पर पुनः 10 हज़ार का मांग कर रहा था।जिसका मामला दैनिक अखबार में प्रकाशित हुई थीं। जिसको संज्ञान में लेते हुए पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने राज्य के ग्रामीण विकास सह पंचायती राज के मंत्री दीपिका पांडे सिंह को पत्र लिखकर आग्रह किया हैं कि उप विकास आयुक्त ने रिश्वतखोरी पर मामला दर्ज़ कराने का आदेश देकर पुनः चैनपुर थाने से प्रखंड समन्वयक बीरबल कुमार को मामला दर्ज कराने से रोका। जिस पर दैनिक अख़बार में पुनः दुबारा प्रकाशित हुई। जिसे उपायुक्त ने संज्ञान में लेते हुए रिश्वतखोरी पर प्राथमिकी दर्ज कराया। इस संदर्भ में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि चलाई हुई महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी अधिकारियों के कंधे पर हैं। लेकिन अधिकारी रिश्वतखोरी पर प्राथमिकी दर्ज कराने के वजाय बचाने में लगें थें।

## सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ करने का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** कपूरी मैदान कऊवल में बैठक कर दूसरी बार लक्ष्मी नारायण महायज्ञ करने के लिए कर एक बैठक का आयोजित किया गया जिसमे सर्व समिति से लक्ष्मी नारायण महायज्ञ करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कऊवल पंचायत के मुखिया राजेश्वर राम एवं संचालन योगेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने किया बैठक में यज्ञ करने को लेकर कमेटी का निर्माण किया गया जिसमे अध्यक्ष कऊवल पंचायत के मुखिया राजेश्वर राम, सचिव अरविंद कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष = कामाख्या विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, महासचिव रामरूप यादव, उपकोषाध्यक्ष उदय पासवान, संरक्षक आलोक ठाकुर, बिंदु यादव, योगेंद्र विश्वकर्मा, सत्येंद्र विश्वकर्मा डॉक्टर विनय यादव, सुदर्शन प्रजापति, सुशील यादव, व्यवस्थापक मनोज ठाकुर (गुड्डू) मीडिया प्रभारी, रुपेश कुमार यादव, सदस्य गण, दिनेश प्रजापति अरुण विश्वकर्मा, डॉ संदीप कुमार, सूरजमुखी विश्वकर्मा, कुंदन कुमार, संतोष यादव, दिलीप कुमार उर्फ झकाशी ऋतिक कुमार रंजन यादव सरोज यादव मनोज यादव शैलेंद्र मंटू सर यादव संदेश कुमार राकेश जी दिलीप चौधरी रंजन कुमार यादव निलेश ठाकुर पवन, अनूप कुमार विकास विश्वकर्मा रंजीत कुमार यादव सुरेंद्र यादव अनिल यादव कुंदन ठाकुर अजीत कुमार यादव राजेंद्र यादव नवनीत ठाकुर गोल्डन कुमार सत्येंद्र कुमार उपस्थित हुए और महालक्ष्मी नारायण प्रारंभ करने के लिए रविवार को यज्ञाचार्य ज्ञान प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में यज्ञ स्थल कर्पूरी मैदान में हनुमान जी का झंडा गड़ा गया यह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 4 मार्च 2025 से 10 मार्च 2025 तक साथ में भंडारा चलता रहेगा।

## चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने ट्रॉमा सेंटर तथा आईटीआई को अविलंब चालू कराने की किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम लिखे आवेदन विधायक अनन्त प्रताप देव को देते हुये ट्रॉमा सेंटर तथा आईटीआई को अविलंब चालू कराने की मांग किया है। मुख्यमंत्री के नाम लिखे आवेदन में कहा गया है कि अनुमंडल मुख्यालय में वर्षो पूर्व ट्रॉमा सेंटर एवं आई टी आई प्रशिक्षण केंद्र का भवन सहित आधारभूत संरचना बनकर तैयार है। लेकिन चिकित्सा कर्मियों व प्रशिक्षकों के अभाव में बेकार पड़ा है। ज्ञात हो कि उपरोक्त दोनों कार्य इस क्षेत्र के लिये काफी महत्वपूर्ण है। विगत 10 वर्षो के दौरान इस क्षेत्र की जनता की आवाज को अनसुना कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर व आईटीआई का भवन वर्षो पूर्व निर्मित होने के बावजूद आज तक चालू नही हो सका है। ट्रॉमा सेंटर के अभाव में इस क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराज्यीय सीमा होने के कारण नगर उंटारी में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना किया गया था। चैम्बर सदस्यों ने इस आशय की प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण कौशल विभाग को भी दिया है। आवेदन देने वालो में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, हृदया नंद कमलापुरी के नाम शामिल है।

## हृदय गति रुकने से 45 वर्षीय व्यक्ति ज्ञाननंदन पाठक की मौत

**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन थाना क्षेत्र के शोले गांव निवासी ज्ञाननंदन पांडे उम्र 45 वर्ष की हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सोमवार की सुबह ज्ञाननंदन पांडे सदर प्रखंड के रजवाडीह अपने ससुराल से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर सोले जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में बड़का गांव के पास अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और वह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों का अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है।

## पंचायत साक्षरता प्रेरकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी पंचायत साक्षरता प्रेरकों ने हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव को उनके आवास परिसर में पहुंचकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में मुख्य रूप से झारखण्ड सरकार के अन्य विभागों में पंचायत साक्षरता प्रेरकों का समायोजन कराना, पूर्व मानदेय 2000/- (दो हजार रू0) प्रति माह को बढ़ा कर एक सम्मानजनक मानदेय दिया जाय, पंचायत साक्षरता प्रेरकों के बकाये मानदेय का अविलम्ब भुगतान किए जाने की मांग की है। उन्होंने विधायक से अनुरोध किया है कि इन सारी बिन्दुओं को अपने संज्ञान में लेते हुए पुनः पंचायत साक्षरता प्रेरकों को सरकार के अन्य विभागों में समायोजन करने की कृपा की जाय।

## पशुपालकों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड के झरगड़ा पंचायत सचिवालय में पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के दूर दराज ग्रामों से दर्जनो की संख्या में पशु पालक उपस्थित हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला गव्य विकास पदाधिकारी सुरेश कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ.तौहीद इकबाल, पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मानती देवी आदि ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण के दौरान गव्य विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं पशु प्रवर्धन, संक्रामक बीमारियों के टीकाकरण, परिजीवी संक्रमण से रोकथाम की जानकारी, उन्नतशील पशु प्रजनन, गर्भाधारण में लाभ, बांझपन की चिकित्सा, हरे चारे का महत्व, भेड़-बकरी पालन की योजनाएं और राष्ट्रीय पशुधन बीमा के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी ने पशुपालकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गयी जानकारियों से लाभ उठाने की बात कही। इस अवसर पर सीआरपी राजू प्रसाद गुप्ता, वार्ड सदस्य, समाजसेवी सहित दर्जनों पशुपालक मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी को मिला 2 लाख का चेक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** भारतीय स्टेट बैंक के तत्वावधान में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत सोमवार को एक लाभार्थी को जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये का चेक दिया गया।शाखा प्रबंधक आंजनेय कुमार ने बताया कि सरजामातु निवासी सुचित यादव को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा राशि का चेक दिया गया।शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा बहुत ही कम राशि पर बीमा स्कीम दी जा रही है, उक्त स्कीम में महज 20 व 436 रुपये के वार्षिक अंशदान से ग्रामीण ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बीमा का लाभ हर किसी को मिले, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा ये स्कीम लाई गई है। इसका लाभ प्रत्येक खाताधारकों को लेना चाहिए।

## अज्ञात चोरों ने इंडक्शन चूल्हा, सरसों, मकई व मूंगफली की कर ली चोरी

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के फूलसु रोड ब्लाक मोड़ के समीप स्थित ओमप्रकाश प्रसाद पिता अवधेश प्रसाद साहू व दिलीप प्रसाद पिता प्रसाद साहू के घर से बिते रात्रि अज्ञात चोरों ने घर की चारदिवारी फानकर इंडक्शन चूल्हा, लगभग दो क्वींटल मक्का डेढ़ क्विंटल सरसों व लगभग 50 किलो मूंगफली चोरी कर लिए। इस घटना के संबंध में भुक्तभोगी ओम प्रकाश प्रसाद ने बताया कि उक्त सामान एक अल्बेस्टर वाले कमरे में रखा हुआ था। चोरों ने घर की चार दिवारी फान कर घटना को अंजाम दिया।जब मै सुबह लगभग 4:00 बजे उठा तो मै गर्म पानी करने के लिए कमरा मे गया तो देखा कि इंडक्शन चूल्हा गायब था।पत्नी के उठने पर उसे और समान देखने को कहा, उसने बताया कि घर मे रखा हुआ सरसों, मकई व मूंगफली की बोरी भी गायब है. इस घटना से हम दोनों भाइयों को लगभग बीस हजार रूपये की गति हुई है। उन्होंने इसकी लिखित सुचना बारियातु थाना को देने की बात कही। सूचना पाकर पुलिस प्रशासन अग्रेतर कारवाई मे जुट गई है।

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घोर लापरवाही



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था इन दिनों लचर हो चुकी है। बताते चले की सोमवार को शहर थाना क्षेत्र के रेडमा श्रीराम पथ निवासी अभय कुमार मिश्रा अपने पत्नी रीता देवी का इलाज करवाने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल आए हुए थे। इसी बीच अस्पताल के सरकारी दवा काउंटर पर अज्ञात चोरों ने उनके पैकेट से मोबाइल चोरी कर फरार हो गए। इसके बाद भुक्तभोगी अभय मिश्रा के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर टाइगर मोबाइल के जवान इसरार खान अस्पताल पहुंचकर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पहुंचे तो पता चला कि सीसीटीवी कैमरा का एलसीडी सही ढंग से काम नहीं कर रहा है। बताते चले कि इसके पहले भी इस तरह की लापरवाही अस्पताल में देखने को मिली है जब किसी व्यक्ति का कोई सामान चोरी हो जाता है तो सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से कभी भी पुलिस को चोरी की घटना से संबंधित सुराग नहीं मिलती है।

## निर्दोष को थाना प्रभारी द्वारा पीटाई करना निंदनीय : शत्रुघ्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर में एक प्रेस बयान जारी कर पाण्डू थाना प्रभारी सौरभ कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा कजरुकला ग्राम में एक निर्दोष अनुसूचित जाति के रामाशीष राम की बर्बरतापूर्ण पीटाई की कड़े शब्दों में निंदा करने हुए पाण्डू थाने के भ्रष्ट, बहशी, दरिंदा, जल्लाद व जातिवादी थाना प्रभारी सौरभ कुमार व अन्य जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ एससी, एसटी एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार करने व सेवा से बर्खास्त करने की मांग किया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि थाने से लेकर न्यायालयों तक में बैठे घोर सामंती, मनुवादी व पूंजिवादी सोच के अराजक, निकृष्ट व अमानवीय सोच के सरकारी आतंकवादी तानाशाह की भूमिका में आ गए हैं। जिस कड़ाके की ठंड में किसी पक्षी का घोंसला उजड़ने पर कलेजा मुंह को आ जाता है, उस ठंड में ललन राम व उनके भाईयों के घर पर बिना समय दिए हुए कथित कोर्ट के आदेशानुसार बुलडोजर चलवाकर घर जमींदोज करना मानवाधिकारों का भीषण उल्लंघन है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि जिस दलित घर में 9 दिसंबर को बिटिया की बारात आनेवाली हो, जिस घर में उसका बाप-मां, चाचा-चाची, व भाई-बहन में से कोई भी दुर्दांत क्षेत्रीय, राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवादी या उग्रवादी नहीं हो, उसके घर पर आनन-फानन में बुलडोजर चलवाना एक आतंकी कार्रवाई है। सुप्रीम कोर्ट ने तो आतंकियों के घर पर भी बुलडोजर चलाने पर रोक लगा रखी है, तो फिर अंबुजा राज की पुलिस दलितों के प्रति इतना पूर्वाग्रह से प्रेरित क्यों है? इसका जवाब हेमन्त सोरेन सरकार को देना होगा।शीघ्र ही कोर्ट के आदेश के अध्ययन के बाद इस मामले को लेकर आन्दोलन शुरू किया जाएगा। बयान के अंत में झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने कहा है कि कोई जन्मजात उग्रवादी या आतंकवादी नहीं होता है, बल्कि पाण्डू व पाटन थाना प्रभारी जैसे सरकारी वर्दीधारी गुंडे व आतंकी दलित-शोषितों को उग्रवादी बनने पर मजबूर करते हैं, जिस पर विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका समेत मीडिया को मंथन करना चाहिए।

# आरसीयू में फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह का हुआ रंगारंग आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीयू में फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह का सोमवार को रंगारंग आगाज हुआ. आरसीयू के महाराज जरासंध स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कुलाधिपत डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, उप निदेशक अनुराग चंद्रवंशी, कुलसचिव डॉ. देवाशीष मंडल व खेल समिति अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. जिसके बाद अतिथियों व प्रतिभागियों ने मशाल रैली निकाल कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया. कुल सचिव डॉ. देवाशीष मंडल ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, कर्मी, छात्र-छात्रा एक सप्ताह तक बगैर किसी तनाव व बोझ के शारीरिक फिटनेस हेतु मनोरंजनात्मक खेलों में भाग लेंगे, ताकि उनकी शारीरिक क्षमता और दुरुस्त हो सके. डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आज से शुरू हुआ फिट इंडिया युनीवर्सिटी वीक 14 दिसंबर तक चलेगा. इस दौरान कई खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई है. जिसमे मुख्य रूप से एथेलेक्टिस, योगा-मेडिटेसन, जुम्बा, कबड्डी सहित कई भारतीय देशी मनोरंजनात्मक खेल शामिल है. मौके पर सुनील कुमार पटेल, छोटन प्रसाद, अमन कुमार यादव, सत्य प्रकाश, उपेन्द्र पाल, श्रेया कुमारी सहित आरसीयू से संबद्ध सभी महाविद्यालय के प्राचार्य, खेल समिति के सभी सदस्य व छात्र छात्रा मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### रांची में कॉलेज और स्कूल की 100 मीटर की परिधि में साइलेंस जोन घोषित : एसडीओ

निषेधाज्ञा लागू

**रांची :** रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्कूल और कॉलेज के 100 मीटर की परिधि में भी साइलेंस जोन घोषित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण की शिकायत टोल फ्री नबंर 112 या थाना में करने वाले शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतया गोपनीय रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक किसी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण नहीं करना है और किसी प्रकार का लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है।

### स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित : मुख्यमंत्री

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में परिवार के साथ। मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे।

# पिछले साल विस के बाहर घायल हुए थे जयराम, आज लिये शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जयराम महतो विधायक बन गये हैं। पिछले साल उन्होंने इसी विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस प्रदर्शन में रांची एडीएम राजेश्वर आलोक नाथ से भिडंत हो गई थी। एडीएम जयराम को और उनके सभी समर्थकों रोकने में जुट गये थे लाठियां चार्ज किया गया और जयराम को चोंटे आई थी और काले रंग की टीम शर्ट जयराम पहने हुए था वह की शर्ट फट गई थी। लेकिन सोमवार जब विधायक विधानसभा में शपथ लेने पहुंचे थे तब एडीएम सुरक्षा में तैनात थे। बता दें कि डुमरी विधायक जयराम महतो ने विधानसभा में विधायक पद की खोरठा भाषा में शपथ ली। इतना ही नहीं वे विधानसभा में नंगे पांव पहुंचे थे।

उन्होंने कहा लोकतंत्र की मंदिर है इसलिए नंगे पांव ही सदन आयेंगे। इस दौरान वे जो टी-शर्ट पहने हुए थे, जिसमें मिस यू चैंप फॉरइवर लिखा था और दो युवकों विकास और प्रकाश की फोटो छपी हुई थी। दरअसल, ये विकास और प्रकाश, कोई और नहीं बल्कि झारखंड भाषा आंदोलन के वक्त के जयराम महतो के साथी थे। दोनों मानटांड़ के रहने वाले थे और बीते दिनों दोनों की सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। इन दोनों को जयराम अपना हिडेन सोल्जर मानते हैं। इनके साथ जयराम महतो, मैदान पर फुटबॉल भी खेलते थे। इन दोनों की आकस्मिक मौत ने जयराम को भीतर से झकझोर दिया था। इसलिये, जयराम हमेशा इन दोनों को अपने सीने में बसा लिये हैं और मुख्य आयोजनों में विकास और प्रकाश की फोटो छपी हुई टी-शर्ट, जिसमें मिस यू चैंप लिखा रहता है।

### कला, खेल और शहरों को सुंदर बनाना मेरी प्राथमिकता में शामिल : सुदिव्य कुमार

रांची। मजबूत सरकार बनी है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में बेहतर काम होंगे । जो कम बचे हुए हैं उस काम को भी पूरा कर लिया जाएगा। और जिस तरह से हमें जो विभाग दिया गया है , वह बहुत बड़ा विभाग है और बहुत बड़ी जिम्मेदारियां भी है। उन सभी जिम्मेदारियों को ईमानदारी पूर्वक पूरा करने का मैं प्रयास करूंगा। उक्त बातें नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कही। उन्होंने कहा कि अभी सरकार गठन हुई है, विभागों का बंटवारा हुआ है। अभी सभी विभागों के सचिवों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। और जहां-जहां जो खामियां हैं उन खामियों को दूर करने की कोशिश की जाएगी। बेहतर तरीके से रोड़ मैप बनाकर काम किया जाएगा। कला के क्षेत्र में, नगर विकास के क्षेत्र में , उच्च एवं तकनीकी विभाग के क्षेत्र में भी और साथ ही झारखंड पर्यटन के लिए भी जाना जाता है और पर्यटन के यहां अपार संभावनाएं हैं । कैसे इसे और किस तरह से सुंदर बनाया जाएगा इस पर भी काम किया जाएगा । खेलकूद के लिए मैंने सभी सचिव को बोला है कि पहले जो खेल में खिलाड़ियों के साथ और खेल के मैदान और उसके इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर और किस तरह से काम किया जा सकेगा इन सबको लेकर तैयारी करें और बेहतर से उसे पूरा किया जाए। शहरी क्षेत्रों सुंदर बनाने का भी प्रयास रहेगा।

## रघुवर दास की बहू पूर्णिमा ने विधानसभा में लिया शपथ




रांची। झारखंड विधानसभा को देखकर मुझे गौरवान्वित महसूस हो रही है । यह विधानसभा मेरे ससुर रघुवर दास के मुख्यमंत्री कार्यकाल में संपन्न हुआ था, मुझे इस बात की खुशी है कि आज मैं इस विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार जमशेदपुर पूर्वी के विधायक के रूप में शपथ ग्रहण किया । उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान के उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू दास ने विधानसभा सत्र के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी की जनता का मैं आभार व्यक्त करती हूं कि उन लोगों ने मुझे विधायक बनाया है और मेरा जो दायित्व है मैं उसका पूरा निर्वहन करूंगी। मैं आभार व्यक्त करती हूं अपने भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व की, राज्य नेतृत्व के जिस तरह से भाजपा ने मुझ पर भरोसा किया और इसी तरह से जनता ने भी विश्वास जताया । जो काम मेरे ससुर जी का अधूरा रह गया है अपने जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के जनता के लिए, वह काम मैं कर कर दिखाऊंगी। कहीं भी किसी तरह से भी अगर हमारे क्षेत्र के जनता को समस्या होती है, तो मैं उसके लिए 24 घंटा उसकी सेवा में खड़ी हूं । उनके लिए हमारे घर के दरवाजे हमेशा के लिए खुले हैं । उन्होंने कहा कि भाजपा बहुमत के साथ नहीं आई मन तो उदास है , लेकिन विपक्ष में रहकर हम लोग सरकार से हर एक सवाल पूछेंगे, जो जनता के बीच में वादा करके आई है, राज्य की जनता की, युवाओं की जो मांगे हो वे पूरे नहीं हो तो हम विधानसभा से लेकर गांव तक आंदोलन करूंगी।

## मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने लिया पदभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रोजेक्ट भवन रांची में मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने जल संसाधन विभाग एवं अल्पसंख्यक विभाग में पदभार ग्रहण किया। मौके पर हसन ने कहा, मुख्यमंत्री ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसे पूरे निष्ठापूर्ण के साथ निर्वाहन करूंगा। कहा, राज्यवासियों की सेवा करना ही मेरी प्रथमिकता है। उन्होंने कहा की झारखण्ड मे सभी काम तेजी से होगा। जो भी परेशानी होंगी उसे दूर करेंगी। मंत्री ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात मंत्रालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में योजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं को तेजी से जन-जन तक पहुंचाने का अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया।

## राज्य सरकार की मंशा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की नहीं है : बाबूलाल

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ने मीडिया में छपी खबर के हवाले से सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से राज्य सरकार पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार का गढ़ बन गए हैं। कहा सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है, वहीं ईडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किए, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है। यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है, बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दर्शाता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है।कहा कि यह कितना शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं। कहा कि सरकार की लचर नीतियां और कमजोर व्यवस्था ने भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दे रखी है,ऐसे में झारखंड का विकास एक सपना बनकर रह गया है।

## मैं जनता से वही वादा करता हूं, जो पूरा कर सकता हूं : अमित महतो


**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के पहले दिन सिल्ली विधायक अमित महतो ने कहा कि मैं जनता से वही वादा करता हूं जो मैं पूरा कर सकता हूं। मैं सुदेश महतो की तरह बड़े-बड़े सपना दिखाना नहीं चाहता । मैं जमीनी आदमी हूं, जमीन पर रहकर अपने जमीन पे रहने वाले लोगों की ही बात करता हूं। उनके सुख-दुख में मैं हमेशा खड़ा हुआ हूं। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं वह मेरी समस्याएं हैं और इस समस्या का निदान करना विधायक होने के नाते मेरा कर्तव्य है ,मैं इसे पूरा करूंगा। जहां तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बात है, तो वे जिस तरह से नेतृत्व कर रहे हैं , मुझे लगता है कि आने वाले समय में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सीटें बढ़ेंगी और हम लोग इंडिया गठबंधन से मिलकर अधिक सीटें लाकर एक मजबूत सरकार बन सकेंगे। जहां तक स्थानीय नीति की बात है तो हमारी जो मांगे थी 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को भेजा है , अब राज्यपाल से अपील करते हैं कि वह इस पर निर्णय ले। केंद्र सरकार को भेजें और झारखंड के साढ़े तीन करोड़ जनता की जो सपने हैं उसे साकार करने में अपनी सहभागिता निभाये।

## ऑपरेशन के तहत आरपीएफ ने एक व्यक्ति को पकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** रांची मंडल के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार को टिकटों की हेरा-फेरी की सूचना मिली। इस पर आरपीएफ हटिया को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। 08 दिसंबर 2024 को आरपीएफ हटिया के प्रभारी निरीक्षक रुपेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज में दिखे संदिग्ध की पहचान के लिए निगरानी शुरू की।शाम करीब 4¬30 बजे हटिया रेलवे स्टेशन के यूटीएस काउंटर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को घूमते हुए देखा गया। आरपीएफ टीम ने संदिग्ध को रोककर पूछताछ की। पहले उसने गलत नाम बताया, लेकिन सख्ती से पूछने पर उसने अपना नाम वीर बहादुर सहनी (उम्र 40 वर्ष, निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार) बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह सामान्य श्रेणी के टिकट खरीदकर उनमें हेरा-फेरी करता था। संदिग्ध ने बताया कि वह टिकटों में कूट रचना (फर्जीवाड़ा) कर यात्रियों से टिकट बदल लेता और फिर असली टिकट को रेलवे काउंटर पर रद्द करवाकर पैसा लेता था। उसने यह भी बताया कि वह मां होटल के ऊपर स्थित सवेरा लॉज में रुकता है और वहां कूट रचना करता है। आरपीएफ टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ सवेरा लॉज में छापा मारा। तलाशी में उसके पास से 9 फर्जी टिकट, 70 माइक्रो रबर स्टैम्प, 45 अन्य स्टैम्प, आधार कार्ड और अन्य सामग्री बरामद हुई। संदिग्ध ने स्वीकार किया कि वह पिछले कुछ महीनों से अलग-अलग बड़े स्टेशनों पर टिकटों की हेरा-फेरी कर रहा था। उसे गिरफ्तार कर जब्त सामान के साथ जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई हो सके।

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री ने किया पदभार ग्रहण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखण्ड सरकार की नवनियुक्त कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने निर्देश दिया है कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में चलायी जा रही हेमंत सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की सभी कल्याणकारी एवं लाभकारी योजनाओं का शत प्रतिशत सफलतापूर्वक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिये सभी विभागीय पदाधिकारी पूर्ण समर्पित होकर पूरे सामंजस्य के साथ अपनी भूमिका निभायें। आज अपना पदभार ग्रहण करते ही एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए तिर्की ने झारखण्ड मिल्क फेडरेशन मेधा से सम्बंधित दुग्ध उत्पादक किसानों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में तीन रूपये के बजाय 5 रूपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि देने सम्बंधित संचिका पर अपनी सहमति दे दी. ज्ञातव्य है कि इस सन्दर्भ में कैबिनेट की बैठक में पहले ही सहमति प्राप्त हो गयी थी.

आज मंत्री पद का दायित्व ग्रहण करने के बाद विभागीय सचिव एवं अन्य सभी पदाधिकारियों के साथ पहली बैठक में श्रीमती तिर्की ने कहा कि किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की कोताही सामूहिक विफलता का कारण बन सकती है और इसीलिये सभी को सतर्क एवं सावधान रहने की जरूरत है. श्रीमती तिर्की ने सभी योजनाओं की समीक्षा की और इस सन्दर्भ में विभागीय कार्यकलापों के मामले में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : दीपक बिरुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोमवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने विभागीय मंत्री के तौर पर पद ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। बिरुआ ने पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले भू-राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद भू-राजस्व के संदर्भ में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक आयोजित करें। तत्पश्चात जिला स्तर में कार्यो की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने परिवहन सचिव और भू-राजस्व विभाग के सचिव को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिया।

## झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, बढ़ा ठंड का प्रकोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची** : झारखंड में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह रांची सहित प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। वहीं, कई इलाकों में बारिश की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सोमवार को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। विभाग ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये हुए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। 10 दिसंबर को रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन तैयार हुआ है। इसके असर से राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। अब तापमान गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी।इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से ठंड में बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार देर रात से लेकर सोमवार तक झारखंड के कई जिलों में बारिश हुई। गढ़वा जिले में रात में हल्की बारिश हुई। पलामू में अहले सुबह करीब तीन बजे से हल्की बारिश शुरू हुई, जो सुबह 5:15 बजे तक होती रही। गुमला में सुबह सात बजे से साढ़े सात बजे तक बारिश हुई। बारिश रुकने के बाद चारों तरफ जलजमाव हो गया। आसमान में अभी भी बादल छाए हैं। सुबह-सुबह हुई बारिश की वजह से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी हुई। खासकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को, जो कच्ची सड़क से जाते हैं। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## द्वितीय इंडो-यूरोपीय संगोष्ठी ऑन सरफेस इंजीनियरिंग आईईएसएसई -2024 का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बिट), मेसरा, रांची के भौतिकी विभागद्वारा आयोजित द्वितीय इंडो-यूरोपीय संगोष्ठी ऑन सरफेस इंजीनियरिंग (आईईएसएसई-2024) का आयोजन 11 और 12 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित संगोष्ठी भारत, ऑस्ट्रिया, स्विट्ज़रलैंड, पुर्तगाल, अमेरिका और अन्य देशों के 100 से अधिक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाएगी। संगोष्ठी में 12 प्रमुख वक्ता अपने नवीनतम शोध और उद्योग संबंधी अंतर्दृष्टियां साझा करेंगे। आईईएसएसई-2024 का उद्घाटन डॉ. नरेश चंद्र मुर्मु, निदेशक, सीएसआईआर-केंद्रीय यांत्रिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुर द्वारा किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण आयोजन सतह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रगति, नवाचार और उभरते रुझानों पर केंद्रित होगा, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देना है। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना, कुलपति, बिट मेसरा करेंगे, जबकि प्रोफेसर अल्बानो कैवलेइरो, यूनिवर्सिटी ऑफ कोइंब्रा, पुर्तगाल से सह-अध्यक्ष के रूप में योगदान देंगे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. ऋषि शर्मा और सह-संयोजक डॉ. सोमक दत्ता, सहेयक प्रोफेसर, है। यह संगोष्ठी जेसीएसटी×ई, एएनआरएफ (सर्ब), बीआरएनएस, डीआरडीओ, इंसा,



रॉयल इंस्ट्रूमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एनएमडीसी लिमिटेड, नेई (एनबीसी बेयरिंग्स), सर्फेस मॉडिफिकेशन टेक्नोलॉजीज, मोइल, आरटीईसी-इंस्ट्रूमेंट्स, एडवांस्ड साइंटिफिक कंट्रोल्स, मा आशापुरा एंटरप्राइजेज, मेकं, रांची, और होलमार्क ऑप्टो-मेकाट्रोनिक्स लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से आयोजित हो रही है, जो सतह इंजीनियरिंग के महत्व और इसके औद्योगिक व अनुसंधान क्षेत्र में योगदान को रेखांकित करती है। आईईएसएसई-2024 एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां भारतीय और यूरोपीय शोधकर्ता सतह इंजीनियरिंग के र में नवाचार और इसके अनुप्रयोगों को तलाशने के लिए एकत्रित होंगे। संगोष्ठी में विशेष रूप से एयरोस्पेस, स्वास्थ्य, ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सतह इंजीनियरिंग के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। क्षेत्र आईईएसएसई-2024 सतह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और वैश्विक समुदाय के लाभ के लिए इसका प्रभाव व्यापक होगा।

## मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## गणेश स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा खिलाड़ियों को दिया जायेगा तीन वर्ष तक निःशुल्क प्रशिक्षण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के खिलाड़ियों को क्लब की ओर से 3 वर्षों तक निःशुल्क खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।इसके लिए गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के कार्यालय में 10 दिसंबर से लेकर 30 दिसंबर तक खिलाड़ियों का निःशुल्क नामांकन किया जाएगा। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि क्लब की ओर से एथलेटिक्स,फुटबॉल एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।इसके लिए खिलाड़ियों का नामांकन कराने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर तक रखी गई है।इस क्लब में वैसे बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण का लाभ ले सकते हैं,जिनका उम्र 8 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बीच होता हो तो वैसे खिलाड़ी नामांकन फॉर्म भर सकते हैं।तीन वर्षों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ही आगे प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि वर्तमान में बच्चे खेल से दूरी बनाकर मोबाइल के नजदीक पहुंच गए हैं।जिसके कारण बच्चो का शारीरिक एवं मानसिक विकास अच्छी तरह से नही हो रहा है।खलारी पिपरवार कोलांचल क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए यह सुनहरा मौका मिला है।यदि खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं तो इसका लाभ ले सकते है।नया सत्र का प्रशिक्षण दिनांक पांच जनवरी 2025 से बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे शुभारंभ किया जाएगा।नामांकन करने के लिए इच्छुक खिलाड़ी एवं बच्चे मोबाइल नंबर 7485 857696, 8340792709 पर संपर्क कर सकते हैं।




## कृषि मंत्री शिल्पी ने किया पदभार ग्रहण, कहा किसानों को लाभ पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। और उन्होंने कहां की किसानों को लाभ पहुंचाना हमारी पहली5 प्राथमिकता है। पहले तीन चीजों पर फोकस किया जाएगा। सप्लाई चेन सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ कोल्ड स्टोरेज की उपयोगिता पर काम होगा। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी को दुरूस्त किया जाएगा। ताकि किसानों के हित में अधिक से अधिक काम हो सके। सहकारी समितियों का संचालन ठीक किया जाएगा। विचौलियों की भूमिका को खत्म किया जाएगा। कृषि विभाग रेवेन्यू जेनरेट करने की कोशिश करेगा। इस क्षेत्र में युवाओं को भी जोड़ा जाएगा। कृषि मंत्री का कृषि सचिव अबुबकर सिद्दीकी ने स्वागत किया।



## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज, बारिश ने बढ़ाई ठंड



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार की सुबह से मौसम का मिजाज बदल गया है।मौसम में आयी बदलाव के बाद कोईलांचल क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।जानकारी के अनुसार सोमवार को कोयलांचल में सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई।इस दौरान अचानक झमाझम बारिश होने लगी।बारिश के कारण पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया।सुबह के वक्त बारिश होने के कारण कई बच्चे भीग कर स्कूल कर जाते देखे गए।करीब एक घंटे तक पूरे इलाके में झमाझम बारिश होने के बाद दिनभर पूरा इलाका बादलों और कोहरे की चपेट में रहा।इस दौरान क्षेत्र के कई जगहों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचते देखे गये।इधर बारिश का कारण कोयलांचल क्षेत्र के सभी सड़कों की सूरत बिगड़ गई है।ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगने से आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वही खराब मौसम का असर ग्रामीण इलाकों पर ज्यादा देखने को मिल रहा है।ग्रामीण इलाकों का माहौल दिनभर सुनसान रहा कुछ जगह पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचते हुए देखे गए।कोयलांचल क्षेत्र में बारिश के बाद घना कोहरा के कारण पूरे इलाके में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।बारिश और ठंड से बचने के लिए लोग अपने-अपने घरों में कैद हो गए हैं।

# पिपरवार के कल्याणपूर मे टीएसपीसी उग्रवादियों ने पुल निर्माण कार्य कराया बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मस्जिद के समीप बहेरा-कल्याणपुर मुख्य मार्ग पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य उग्रवादियो ने बंद करा दिया।सूत्रो के मुताबिक नक्सली संगठन टीएसपीसी के सदस्यो ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्य को बन्द करा दिया।साथ ही पर्चा छोड़कर मौके से चले गये।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को दो बाइक पर सवार होकर छः टीएसपीसी उग्रवादी कार्यस्थल पर पहुंचे और हथियार का भय दिखाकर निर्माण कार्य को बंद कर दिया।इस दौरान उग्रवादियों ने निर्माण कार्य कंपनी के मुंशी अभय सिंह को हथियार के बल पर कब्जे में लेते हुए तुरंत कार्य बंद करने की चेतावनी दी।साथ ही नक्सलियों ने रिषिकेश जी के नाम से पर्चा देकर चले गये।घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।इधर घटना की सूचना पाकर सोमवार को हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।उन्होंने उग्रवादियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान तेज करने का निर्देश दिया।इस मौके पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार,टंडवा इंस्पेक्टर अनिल उरांव, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।घटना के बाद वहां काम कर रहे मजदूरों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।वही पुलिस के द्वारा आसपास के जंगलों में उग्रवादियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** बच्चों के समग्र विकास और पढ़ाई को व्यवहार से जोड़ने के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन किया। बच्चों ने कई खेलों और गतिविधियों में भाग लिया जिससे उनकी सोचने की क्षमता, रचनात्मकता और टीम के साथ काम करने के गुणों को बढ़ावा मिला। छोटे बच्चों ने संगीत की धुनों पर नाचते हुए माहौल को खुशियों से भर दिया। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ समूह में भोजन किया, जिससे उन्हें शिष्टाचार और बांटने की आदत सीखी। छात्र अपनी पाठ्यपुस्तकों से परे दुनिया की खोज करते हुए बहुत उत्साहित थे। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि ऐसी यात्राएँ बच्चों को व्यावहारिक शिक्षा का महत्व सिखाती हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मददगार होती हैं। यह उनके समग्र विकास के लिए अभिन्न अंग है जिसे एनईपी 2020 और एनसीएफ 2023 में भी बढ़ावा दिया गया है।



# विवाहिता ने कीटनाशक पीकर किया आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** पंडरा बनहोरा निवासी 25 वर्षीय शालिनी टोप्पो ने रविवार की शाम कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। वह चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स का कार्य करती थी। शालिनी कांके थाना क्षेत्र के टंगरा टोली बाजार टांड़ निवासी सुनील टोप्पो की बेटी थी। शालिनी की शादी जनवरी 2022 में पंडरा बनहोरा निवासी रवि विकास तिर्की के साथ प्रेम विवाह हुई थी। शालिनी के परिजनों के अनुसार उसके पति का अफेयर किसी अन्य लड़की के साथ चल रहा था, इसी बात को लेकर दोनों में बराबर विवाद होता रहता था। कुछ माह पूर्व इसी विवाद को सुलझाने को लेकर कांके स्थित उसके मायके में दोनों पक्षों की बैठक भी हुई थी। बेटी का घर बस जाए सोच कर घर वालों ने शालिनी को ससुराल भेज दिया था, जिसके बाद भी इस मसले का कोई हल नहीं निकल पाया था। अंत में तंग आकर उसने शनिवार की शाम चान्हो सीएचसी से ड्यूटी पूरा कर लौटने के क्रम में कीटनाशक पी ली और मांडर मरियम टोली स्थित अपने बहन के ससुराल गई और उसे अपने बैंक पासबुक, एटीएम और कुछ अन्य कागजात सौंपकर अपने जहर पीने की बात बताई। बातचीत के दौरान ही उसकी तबीयत जब ज्यादा बिगड़ने लगी तब उसकी बहन बहनोई उसे मांडर मिशन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई।



# खलारी के पैरा एथलीट चंदन ने कंबोडिया में स्वर्ण जीतकर देश का नाम किया रोशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी निवासी पैरा एथलीट दिव्यांग चंदन लोहार ने कंबोडिया में आयोजित इंटरनेशनल थ्रो बाल मैच सीरीज में गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड सहित भारत का नाम रोशन किया है। पांच से सात दिसंबर के बीच आयोजित इस टूर्नामेंट में कई देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। भारत ने फाइनल मुकाबले में कंबोडिया को 2-1 से हराकर सीरीज पर कब्जा कर लिया। चंदन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का अवार्ड मिला। सामाजिक मदद से कंबोडिया पहुंचे चंदन लोहार पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने अपने मेहनत और लगन से इस सफलता सफलता को हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उन्हें खलारी के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आपसी सहयोग से आर्थिक मदद देकर कंबोडिया भेजा। चंदन एक गरीब परिवार से आते हैं। वर्तमान में वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी, रांची में पांचवें वर्ष के छात्र हैं। वे इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं। चंदन झारखंड क्रिकेट टीम के सदस्य भी रह चुके हैं। अपनी इस सफलता पर चंदन ने कहा है कि सही दिशा, मेहनत और समाज के समर्थन से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। चंदन की इस उपलब्धि पर खलारी के मानवाधिकार कार्यकर्ता मुन्नू शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता जावेद, कृष्ण चौहान, और अशर्फी राम सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया है।




## बारिश ने ठंड के साथ बढ़ाई कनकनी, खलारी का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक पहुंचा



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई बारिश ने खलारी प्रखंड क्षेत्र में ठंड के साथ कनकनी बढ़ा दी है। सोमवार की सुबह करीब 8 बजे से लगातार आधे घंटे तक रिमझिम बारिश होती रही। इससे पहले सुबह खुले आसमान में घने कोहरे की चादर बनने से अंधकार जैसा वातावरण था। जबकि पूरे दिन खुले आसमान में बादल छाया रहा। इस बीच 11 बजे सुबह तक ठहर-ठहर कर बूंदा-बूंदी बारिश होती रही। जिसके कारण सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों काफी परेशानी हुई। खाशकर सरकारी स्कूली बच्चों को ज्यादा परेशानी हुई। खलारी प्रखंड के न्यूनतम तापमान लगभग 9 डिग्री तक पहुंच गया है, जबकि अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह-शाम के समय कनकनी बढ़ती जा रही है। बढ़ते ठंड से लोगों को दिनचर्या में बदलाव करना पड़ रहा है। वहीं बदलते मौसम की वजह से अस्पतालों में सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं। जानकारों के माने तो आने वाले दिनों में पारा और भी गिरने के आसार हैं। तापमान में लगातार हो रहे गिरावट के कारण लोग गर्म पानी, रूम हीटर, गर्म कपड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सुबह और शाम के समय लोग अलाव का सहारा ले रहे है। मार्निंग वाक के संख्या कमी आयी है। क्षेत्र के सभी बाजार 7 बजे से पहले सन्नाटा हो जा रहा है। सोमवार को अचानक बारिश के साथ कनकनी बढ़ने से बाजार पर भी असर पड़ा है।

## अब्दुल्ला अंसारी ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। लगातार बढ़ती ठंढ को देखते हुए उन्होंने खलारी प्रखंड के बरटोला, खूंटी टोला, कोकरीय टांड़, काली नगर, राय बस्ती, सुभाष नगर, मोहन नगर, अम्बा टोंगरी, सामू टोंगरी, पियार टांड़, चुरी बस्ती, मानकी बस्ती के एक हजार जरूरतमंद वृद्ध, महिला व पुरूष को कंबल दिया। अब्दुल्ला ने बताया कि वे क्षेत्र के अन्य जरूरतमंदों के बीच भी कंबल बांटेंगे।

## कुआं में गिरी नील गाय, पुलिस और ग्रमीणों ने निकाला बाहर



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड अंतर्गत बखार में सोमवार 3 बजे एक कुआं में एक नीलगाय गिर गई है स्थानीय लोगों ने इसको देखा जिसको नरकोपी थाना को इसकी सूचना दी फिर प्रशासन और ग्रामीणों द्वारा निकाला गया और जंगल मे छोड़ दिया मालूम हो कि लगातार क्षेत्र में नील गायों का आना-जाना लगा हुआ है जिससे किसानों की फसलों का भी नुकसान हो रहा है।

## मौसम का बिगड़ा मिजाज, बढ़ा ठंड



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में बदलते मौसम की मिजाज का असर जामताड़ा में भी सोमवार सुबह से ही दिखने लगा है। मौसम का मिजाज बदलते ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई है जो दिन भर लगातार रुक-रुक कर होती रही। बारिश होने की वजह से तापमान में काफी गिरावट आ गई है और ठंड के मारे लोग घर से निकलने में खुद ही परहेज कर रहे हैं। बता दे कि सोमवार को दिन का तापमान लगभग 18 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच में रहा। वहीं शाम होते ही तापमान में और गिरावट नजर आने लगी। देर रात तक तापमान लगभग 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों की स्थिति कीचड़मय हो गई है। जिससे पैदल चलने वाले लोगों को खासा परेशानी उठानी पड़ रही है। खास किसान का बहुत बड़ा नुकसान हुया है खेतो से धान घर नहीं लापया इसे लेकर किसान बहुत चिंतित है नाला प्रखंड के किसानो ने कहा की छम छम बारिश के चलते धान नस्ट होगया है हमलोगो का खेती पर ही भरोसा है वहीं बाजार पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है।मौसम को देखते हुए लोग अपने घरों में ही दुबके हुए हैं। वही बाजार में चहल-पहल न के बराबर दिख रही है। इक्के दुक्के लोग और वाहन हीं सड़क पर नजर आ रहा है। आवश्यक काम से ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। इसके अलावा सड़क किनारे लगने वाला सब्जी, फल, गर्म कपड़े के दुकान भी आज नहीं लगा है। जिसके वजह से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है। वही इस मौसम का सबसे ज्यादा असर स्कूल जाने वाले बच्चों पर पड़ा है। स्कूली बच्चे सुबह बारिश और ठंड में भींगते सिकुड़ते स्कूल की ओर जाते देखे गए। वहीं दोपहर में छुट्टी के समय भी लगातार हो रही बारिश के कारण स्कूली छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

# शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर उत्पादन कंपनी की प्राथमिकता : आफताब अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोका परियोजना के द्वारा सोमवार को बचरा ऑफिसर्स क्लब मे 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया।इस मौके पर खान सुरक्षा महानिदेशालय से डायरेक्टर माइंस सेफ्टी (माईनिंग) आफताब अहमद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इसके अलावा सीसीएल मुख्यालय, आईएसओ व अशोका खदान के निरीक्षण के लिए आयी एनटीपीसी की टीम भी कार्यक्रम में शामिल हुए।इस समारोह की अध्यक्षता अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने किया।कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया,इसके बाद पिपरवार जीएम संजीव कुमार और अशोका पीओ जेके सिंह ने सभी अतिथियो को बुके, शॉल व श्रीफल देकर स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरुआत कोल इंडिया की कॉर्पोरेट गीत के साथ की गई,जिसके बाद खान दुर्घटना में मृत कोल कामगारों एवं कर्मियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। समारोह में सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा खान सुरक्षा से संबंधित गीत,संगीत और नाटक प्रस्तुति के साथ गीतों के माध्यम से खान क्षेत्र में सुरक्षा के महत्व को समझाया गया।समारोह को संबोधित करते हुए डीएमएस आफताब अहमद ने कहा कि देश में विभिन्न प्रकार की औद्योगिक इकाइयां चलती है लेकिन खनन क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हमें प्रकृति के रक्षा के साथ कार्य करना पड़ता है जिससे ज्यादा जोखिम की संभावना बनी रहती है।इसलिए इस क्षेत्र के लिए 1967 में खान सुरक्षा महानिदेशालय का गठन किया गया।खान दुर्घटना से बचाव एवं मजदूरों की सुरक्षा को लेकर प्रत्येक वर्ष सीसीएल के सभी क्षेत्रों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर कोयला मजदूरों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है।कोल इंडिया में पिपरवार एरिया की अलग पहचान है।खान सुरक्षा सप्ताह के आयोजन से कोयला मजदूरों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा होती है।उन्होंने कहा कि शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर कोयला उत्पादन कंपनी की प्राथमिकता है।जीएम संजीव कुमार ने कहा कि वर्तमान में कोयला मजदूर सुरक्षा के प्रति काफी जागरूक हुए हैं। सुरक्षा नियमों का पालन करने के साथ अशोक परियोजना सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन कर रही।उन्होंने कामगारों सहित खनन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को भी खान सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए शुन्य दुर्घटना की स्थिति में काम करने के लिए प्रेरित किया।समारोह में सुरक्षा के साथ बेहतर कार्य करने वाले कई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।मौके पर आईएसओ मनीष मोहन,टीम कन्वेयर यतीश कुमार, डीजीएम अशोक कुमार,पुष्पेश जैन, राजीव रंजन,बी उदय,प्रवीण कुमार,महेश बाबू,सीसीएल सेफ्टी बोर्ड कमेटी के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह,अरुण कुमार सिंह,विकास कुमार,शशि भूषण सिंह,एसके चौधरी, निर्गुण महतो,पिपरवार के एसओपी नागेश कुमार गोपाल,एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषाण, एसओसी विपिन बिहारी, पीके सिंह,आरएन गौतम, मोहनलाल सिंह,एससीसी सदस्य डीपी राय,इस्लाम अंसारी,भीम प्रसाद मेहता, अरविन्द शर्मा,दिलीप गोस्वामी, निर्मल सिंह,रामु गोप, संजीव चन्द्रा,मोहम्मद अब्दुल्ला, धनेश्वर गंझु, मोहम्मद रहमतुल्लाह, समसुल होदा,बिजेन्द्र सिंह,अरूण सिंह,बिनोद कुमार,कामेश्वर राम,रतन लाल,आरएन पण्डित,खान प्रबधंक एसके सिंह, धीरप्रताप सिंह,राजेन्द्र कश्यप,आभाष त्रिपाठी, मिथिलेश शर्मा,हेमचन्द महतो सहित काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



विचार प्रवाह

संपादकीय

# उपराष्ट्रपति के किसानी सवाल

**कृषि** मंत्री जी, एक-एक पल आपका भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपा कर मुझे बताएं कि क्या किसानों से वायदा किया गया था? वायदा क्यों नहीं निभाया गया? वायदा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? गत वर्ष भी आंदोलन था, इस वर्ष भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है और हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं!'' उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से ये सवाल किए हैं। यह पहली बार है कि एक ही सरकार में उपराष्ट्रपति ने कृषि मंत्री से सवाल किए हैं। उपराष्ट्रपति खुद किसान, ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य दे दोगे, तो कोई पहाड़ नहीं गिरेगा। उपराष्ट्रपति के ये सवाल इसलिए मौजू हैं, क्योंकि 6 दिसंबर से किसान आंदोलन फिर शुरू हो सकता है। इस बार यह पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उप्र तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक आदि राज्यों से भी किसान मोर्चे आंदोलित होंगे।

भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपा कर मुझे बताएं कि क्या किसानों से वायदा किया गया था? वायदा क्यों नहीं निभाया गया? वायदा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? गत वर्ष भी आंदोलन था, इस वर्ष भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है और हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं!'' उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से ये सवाल किए हैं। यह पहली बार है कि एक ही सरकार में उपराष्ट्रपति ने कृषि मंत्री से सवाल किए हैं। उपराष्ट्रपति खुद किसान, ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि किसान को उसकी फसल का उचित मूल्य दे दोगे, तो कोई पहाड़ नहीं गिरेगा। उपराष्ट्रपति के ये सवाल इसलिए मौजू हैं, क्योंकि 6 दिसंबर से किसान आंदोलन फिर शुरू हो सकता है। इस बार यह पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उप्र तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक आदि राज्यों से भी किसान मोर्चे आंदोलित होंगे।

उपराष्ट्रपति का सवाल है कि देश का किसान लगातार परेशान, पीड़ित और आंदोलित क्यों है? जो किसान घर बैठे हैं, वे भी आंदोलित और चिंतित हैं, लिहाजा आंदोलन की संख्या वही न गिनी जाए, तो किसान सडक़ पर उतरेंगे। हालांकि उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी पर कुछ नहीं कहा और इस संबंध में गठित समिति पर भी सवाल नहीं किया, लेकिन उपराष्ट्रपति के रूप में किसानों को एक ताकतवर, सशक्त पैरोकार मिला है। शिवराज भी जून, 2024 में ही कृषि मंत्री बने हैं। जो भी वायदे किए गए होंगे, वे नरेंद्र तोमर और अर्जुन मुंडा के कृषि मंत्री काल के होंगे! बहरहाल भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का 17 फीसदी से अधिक का योगदान है और देश के कार्यबल में करीब 47 फीसदी कृषि और किसान का योगदान है। देश की करीब दो-तिहाई आबादी कृषि के भरोसे है, लेकिन आज भी किसान की औसत आय 16,928 रुपए माहवार है। किसान की आय से अधिक खर्च बढ़े हैं और प्रति किसान 91,000 रुपए से अधिक का कर्ज है। सवाल यह भी है कि उपराष्ट्रपति किसानों के पक्ष में सार्वजनिक रूप से क्यों बोले? और एक ही मंच पर कृषि मंत्री से सवाल क्यों किए गए? किसान संबंधी योजनाओं और नीतियों की अकेली जिम्मेदारी कृषि मंत्री पर ही नहीं है। यदि कृषि-भूमि का मुआवजा 2014 के बाद 4 गुना नहीं मिल पा रहा है, यदि एमएसपी की कानूनी गारंटी तय नहीं की गई है, तो ऐसी तमाम समस्याओं के समाधान का दायित्व केंद्रीय कैबिनेट पर है। खासकर प्रधानमंत्री मोदी की जिम्मेदारी है, क्योंकि ऐसे नीतिगत फैसले प्रधानमंत्री के स्तर पर ही सोचे जाते हैं और फिर कैबिनेट में औपचारिक तौर पर पारित किए जाते हैं। यदि एक बार फिर राजधानी दिल्ली या उसके आसपास के क्षेत्रों में किसान लामबंद होकर आंदोलन छेड़ते हैं, तो चौतरफा जन-व्यवस्था अराजक हो जाएगी। जब पिछला किसान आंदोलन समाप्त कराया गया था, तो खुद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वस्त किया था। एक समिति गठित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल को सौंपी गई थी। उन्हें तीन कथित काले कृषि कानूनों का प्रारूपकार माना जाता रहा है। उस समिति की बीते दो साल से अधिक अवधि के दौरान करीब 100 बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन समिति की रपट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई है। कृषि विशेषज्ञों का एक तबका मानता है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी कोई समाधान नहीं है। सिर्फ खुला बाजार देने से ही किसान के हालात बदल सकते हैं, लेकिन आंदोलित किसानों की सबसे अहम मांग यही है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए। किसान इस बार आर-पार के आंदोलन के मूड में हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक संकेत अभी तक नहीं आया है।

### अकाली दल की सरकार के समय पंजाब में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की बेअदबी की कुछ घटनाएं हैं

# सुखबीर बादल पर हमले के तार और सियासत

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

सुखबीर बादल के साथ अकाली दल से ताल्लुक रखने वाले कुछ अन्य लोगों को भी विभिन्न प्रकार की सजाएं दी गईं। मसलन स्वर्ण मंदिर में चल रहे लंगर में बर्तन साफ करना, शौचालयों की सफाई करना, सेवादार का काम करना इत्यादि। ये सजाएं इन सभी को पंजाब में अकाली दल की सरकार के समय लिए गए कुछेक फैसलों को लेकर दी गई हैं। अकाली दल के हाथ से 2017 में पंजाब की सत्ता खिसक गई थी। उसके बाद से अकाली दल फूट का शिकार हो गया और सत्ता खिसक जाने के कारणों पर भी चिंतन-मनन होता गया और अब भी हो रहा है।

**सुखबीर** बादल को उस समय मारने की कोशिश की गई जिस समय वह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में सेवादार की भूमिका निभा रहा था। बादल परिवार देश विरोधी ताकतों के निशाने पर रहा है, यह सब जानते हैं। उसके पिता प्रकाश सिंह बादल लम्बे अरसे तक पंजाब के मुख्यमंत्री रहे हैं। एक समय उन्हें फख्र-ए-कौम के खिताब से निवाजा गया था। लेकिन कुछ दिन पहले जब सुखबीर बादल को सेवादार व कुछ अन्य सजाएं सुनाई गई थीं तो उसी समय उनके स्वर्गीय पिता प्रकाश सिंह से फख्र-ए-कौम का खिताब भी वापस ले लिया गया था। सुखबीर बादल के साथ अकाली दल से ताल्लुक रखने वाले कुछ अन्य लोगों को भी विभिन्न प्रकार की सजाएं दी गईं। मसलन स्वर्ण मंदिर में चल रहे लंगर में बर्तन साफ करना, शौचालयों की सफाई करना, सेवादार का काम करना इत्यादि। ये सजाएं इन सभी को पंजाब में अकाली दल की सरकार के समय लिए गए कुछेक फैसलों को लेकर दी गई हैं। अकाली दल के हाथ से 2017 में पंजाब की सत्ता खिसक गई थी। उसके बाद से अकाली दल फूट का शिकार हो गया और सत्ता खिसक जाने के कारणों पर भी चिंतन-मनन होता गया और अब भी हो रहा है। जाहिर है चिन्तन-मनन पार्टी के भीतर ही नहीं, बाहर भी होता रहा। सब जानते हैं कि पार्टी के बाहर इस प्रकार की माथापच्ची करने वालों को आज की भाषा में थिंक टैंक कहा जाता है। पार्टी के भीतर हार के क्या कारण स्वीकार किए गए, यह तो पार्टी ही बेहतर जानती होगी, लेकिन बाहर के थिंक टैंकों ने यह स्थापित कर दिया कि हार का मुख्य कारण अकाली दल की सरकार के समय पंजाब में श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की बेअदबी की कुछ घटनाएं हैं। जाहिर है इसकी जिम्मेदारी प्रकाश सिंह बादल और उनके सुपुत्र सुखबीर बादल के खाते में ही आतीं क्योंकि बड़े बादल साहिब मुख्यमंत्री थे और छोटे बादल साहिब उप मुख्यमंत्री थे। इतना ही नहीं पार्टी के प्रधान की कुर्सी भी पिता-पुत्र के बीच ही रही थी। जब एक बार यह अवधारणा स्थापित हो गई कि बेअदबी के जिम्मेदार प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से 'बादल' ही हैं तो



पंजाब में प्रत्येक राजनीतिक दल चुनाव में इस बात की घोषणा करने लगा कि यदि वह जीत गया तो सबसे पहले बेअदबी के लिए उत्तरदायी इन लोगों को सजा दिलाएगा। उन दिनों में पंजाब के आला पुलिस अफसर कुंवर विजय प्रताप सिंह (मूलतः बिहार या उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं), जो आजकल पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक हैं, का कहना है कि जिन आरोपों के कारण सुखबीर बादल को आज सजा सुनाई गई है, उन सब का जिक्र मैंने अपनी रिपोर्ट में किया था। दरअसल जिन दिनों कांग्रेस के कैप्टन अमरेन्द्र सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री थे, उन्होंने बेअदबी के मामले को लेकर कुंवर विजय प्रताप को जांच का जिम्मा सौंपा था। कुंवर का कहना है कि मेरे बार-बार कहने पर भी कैप्टन ने उस रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की। कुंवर ने इसको आधार बना कर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और पंजाब की राजनीति में छलांग लगा दी थी। सारी उम्र पुलिस में खपा देने के कारण पंजाब की हवा को सूंघने व थोड़ा बहुत बदल देने योग्य हो ही गए थे। अपनी इसी महारत के चलते वे आम आदमी पार्टी में चले गए और विधायक भी बन गए। लेकिन अपनी रिपोर्ट को अहमियत न मिलने को लेकर बराबर रोते रहे। उनका मानना है कि कैप्टन की तर्ज पर भगवन्त मान भी उनकी रपट पर कार्रवाई नहीं कर रहे थे। अब जब सुखबीर बादल को सजा सुना दी गई, तो कुंवर विजय प्रताप सिंह का कहना है कि यह सब बातें मेरी रपट में हैं। लेकिन आश्चर्य की बात है कि आला पुलिस अधिकारी होते हुए भी विजय प्रताप सिंह सुखबीर बादल पर हमले के मामले में आश्चर्यजनक तरीके से मौन हैं। सजा मिलने के बाद यह तो स्पष्ट हो गया था कि अब सुखबीर बादल एक सेवादार के रूप में स्वर्ण मंदिर के द्वार पर बैठेंगे। लेकिन केवल दो दिन के लिए ही वे वहां बैठेंगे, यह भी स्पष्ट था। उससे भी ज्यादा यह भी स्पष्ट था कि वहां आने वाले श्रद्धालुओं की तलाशी नहीं ले जाती। शायद इससे आसान अवसर व स्थान सुखबीर बादल की हत्या के लिए नहीं हो सकता था। यह साधारण सी बात, असाधारण काम करने वाली पंजाब पुलिस के वे चंद अधिकारी भी जानते ही होंगे जो इस प्रकार की घटनाओं को भांप कर रणनीति बनाते हैं। ऐसे अवसरों पर रणनीति प्रायः यह होती है कि किसी भी प्रकार से हत्यारे को उसके शिकार के पास आने से रोका जाए। कहा जा रहा है कि हमला करने वाला एक दिन पहले उस स्थान की रैकी करने भी आया था। ऐसा भी नहीं कि हमला करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञात व्यक्ति हो। उस पर पहले से ही इस प्रकार के मामलों में अनेक मुकद्दमे चल रहे हैं। वह किसी अन्य प्रान्त से भी नहीं आया था। अमृतसर के पास डेरा बाबा नानक में ही रहता है। आम तौर पर जब किसी अति सुरक्षित व्यक्ति की सुरक्षा की व्यवस्था उस समय करनी हो जब उसे किन्हीं भी कारणों से ओपन स्पेस में बैठना हो तो पुलिस उस इलाके में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखती है, ताकि वह अपने शिकार के नजदीक न फडक़ने पाए। सुखबीर बादल दो दिन इसी प्रकार की स्थिति में आने वाले थे। ऐसे हालात में पंजाब पुलिस के उन चन्द गिने चुने वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा की ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं की? अलबत्ता पुलिस ने बहुत ही शातिराना तरीके से पूरी जांच और घटना को लेकर एक और ही नैरेटिव घडने की कोशिश की है। एक पत्रकार ने पूछा, क्या यह नहीं हो सकता हमदर्दी हासिल करने के लिए स्वयं ही हमला करवाया गया हो? पुलिस के अधिकारियों ने तुरन्त इस वांछित सवाल को हाथों हाथ पकड़ लिया। भगवन्त मान के मन में क्या चल रहा है, यह तो वे ही जानते होंगे।

दृष्टि कोण

# खेल परिणामों को सुविधाएं भी उत्तम चाहिए

**आज** के ओलंपिक खिलाड़ी भी शौकिया न होकर अब पेशेवर हो गए हैं। सदी पूर्व जब जिम थोर्पे के ओलंपिक पदक इस लिए छीन लिए गए थे कि उसने कहीं खेल के नाम पर थोड़ा सा धन ले लिया था। आज अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ स्वयं विश्व रिकॉर्ड बनाने पर एक लाख अमरीकी डालर इनाम देता है और भारत में तो कुछ राज्य ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर छह करोड़ रुपए भी देते हैं। तभी तो बढिया किस्म के खेल उपकरणों का भी महत्व बढ़ गया है। अभी तक बढिया खेल सुविधाएं विकसित देशों को ही मिल पा रही थी, मगर अब यह सुविधा हर देश को चाहिए, तभी उच्च परिणाम आएंगे। खेलों में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। इस विषय पर पहले भी बहुत बार लिखा जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है, जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडियों को मिले, ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इनसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं, करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिएं। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरा है। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपए का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है, तो कीमत बढ़िया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और समग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एंड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देख जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं। लाखों रुपए का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। इस खेल सामान खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं, वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं। आज जब खेल में स्वास्थ्य स्कीम के अंतर्गत कई करोड़ रुपयों की कृत्रिम प्ले फील्ड जूडो, कुश्ती व खो-खो आदि खेलों के लिए खरीद कर विद्यालयों व महाविद्यालय को दी जा रही है, जहां भी खेल सामान खरीदना हो, वहां पर खरीददारी के लिए जो कमेटी बने, उसमें जिस भी खेल का सामान खरीदना है, उस खेल का प्रशिक्षक व कम से कम दो राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी विभागीय अधिकारियों के साथ हों। जिस संस्थान को सामग्री मिले, वहां भी कमेटी देखे कि वह घटिया स्तर का तो नहीं दे दिया। अच्छी प्रशिक्षण सुविधा के अभाव में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी समय से पहले ही खेल को अलविदा कह जाते हैं और जिनके पास धन व साधन हैं, वे अच्छे प्रशिक्षण के लिए हिमाचल प्रदेश से पलायन कर जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में बहुत कम प्रशिक्षण केन्द्र हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी बनने के लिए स्कूल व कालेज समय में खिलाड़ी को अच्छी खेल सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए।

कुछ अलग

# होगात्ऋणे कृत्वा घृतम पिवेत

**ऋण** करके घी पीने की परम्परा हमारे यहां अनादि काल से चली आ रही है। पूर्वजों की इस पावन परम्परा को मैंने हृदय से अंगीकार किया है। यदि मैं ऋण करके घी नहीं पी भी सकूं तो कम से कम ऋण घर खर्च चलाने में बड़ी सहायता करता है। बच्चे भी सामान्य रूप से परेशान नहीं रहते। पिछले दिनों कफ्र्यू लगा तो पड़ोसी से मैंने चार सौ रुपए बतौर उधार देने का प्रस्ताव किया, तो वह थोड़ा संवेदनशील था, फटाफट ले आया। साथ ही यह भी कहा कि और जरूरत हो तो बता दीजिए। मुझे बड़ा पछतावा हुआ कि मैंने आठ सौ ही क्यों नहीं मांग लिए। मेरे पड़ोस में ही दानवीर कर्ण रहता है और मुझे पता ही नहीं चला। मैंने उसके कथन को स्मरण रखा तथा कफ्र्यू जब लंबा खिंचने लगा तो चौथे ही दिन फिर ऋण की मांग रख दी। मैं भी कफ्र्यू में मिली ढील की अवधि में घी ले आया। हालांकि घी का भाव दुकानदार मनमाना ले रहा था, परंतु मुझे परवाह किस बात की, दानवीर कर्ण से उधार मार लाया था, सो महंगा भी खरीद लाया। पत्नी ने देसी घी देखा तो जल-भुन गई, बोली-'मसाले व दालें लानी थी और ले आए यह घी, क्या करूं इस मुए का?' मैंने कहा-'इतनी अधीर क्यों होती हो? ऋण की राशि से घी लाया जाता है, इसलिए हलुवा घोट दो।' पत्नी थोड़ी ज्यादा ही समझदार है, सो बोली-'थोड़ी शर्म तो करिये, कफ्र्यू में हलुवा खाएंगे, अच्छा थोड़े ही लगेगा?' मैंने कहा-'हमारे ऋषि-मुनि तो उधारी में घी पीने की बात कह गए हैं। तुम घी नहीं पिला सको तो कम से कम उसका हलुवा तो खिला दो।' 'लेकिन बच्चों की तथा घर की अन्य बीस जरूरतें हैं, यदि उन्हें निपटाते तो ज्यादा ठीक रहता।' वह हलुवा बनाते डर रही थी। मैंने कहा-'तुम यदि हलुवा नहीं बना सकती तो साफ कहो-मैं बना लेता हूं।' वह बोली-'हलुवा सेंकते मेरे हाथ कांप रहे हैं और भीतर से मन बैठ रहा है। आप ही बना लीजिए।' मैंने कहा-'चलो हटो।' मैंने कड़छी में घी डाल कर चून को सेंकना शुरू किया तो उसकी गंध से दानवीर कर्ण विचलित हो उठा और लपककर मेरी रसोई में प्रवेश कर गया। आते ही बोला-'क्या कर रहे हो शर्मा जी?' मैं कोई कम खिलाड़ी तो था नहीं। बिना किसी संकोच के मैंने कहा-'क्या बताएं, पड़े-पड़े बोर हो गए, सोचा थोड़ा देसी घी का हलुवा ही बना डालें। बच्चों को बाजार से कुछ लाना हो नहीं पा रहा है। सो घर में मीठा बना दिया।' 'परन्तु आप यह तो समझिये कि अभी कफ्र्यू टूटने के आसार नहीं हैं। मैं खुद तंग हो गया हूं। आप तो पहले ही तंग थे, यदि इस तरह हलुवा घोटते रहे तो समस्या खड़ी हो जाएगी।' वे बोले। मैंने कहा-'आप घबराइये नहीं। अब आपको तकलीफ नहीं दूंगा। वर्मा जी आए थे। कह गए हैं किसी चीज अथवा रुपए-पैसों की जरूरत हो तो बता दीजिएगा। सोचता हूं खुद आमंत्रण दे गए हैं तो उन्हें भला निराश क्यों करूं। कल उन्हें तकलीफ दे दूंगा।' वे बोले-'लेकिन फिर देना भी तो आपको ही पड़ेगा। व्यर्थ में क्यों ऋणी हो रहे हैं।' मैंने कहा-'क्या करें सा'ब। इस महंगाई में जब तक काम ही नहीं चलता, मैं ऐसे लोगों से तो उधार लेता नहीं, जो आज उधार दिया और कल मांग लें। मैं तो आप जैसे व्यावहारिक महापुरुषों से ही उधार लेता हूं जिन्हें देर-सबेर जब सुविधा हो तब दे दें। आप तो घर के आदमी हैं, जिन लोगों में तनिक शिष्टता ही नहीं, उनसे उधार मांगना मेरी आचार-संहिता में नहीं है।'

देश दुनीया से

# असहमति के बावजूद जगी भविष्य की उम्मीदें

**पिछले** दिनों दक्षिण कोरिया के बुसान में एक वैश्विक बैठक प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय संधि पर सहमति बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। लेकिन यह बैठक बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। कुल 175 देशों के प्रतिनिधि महत्वपूर्ण मुद्दों, जैसे प्लास्टिक उत्पादन और वित्त पर रोक लगाने, पर सहमति बनाने में विफल रहे। यह अंतर-सरकारी वार्ता समिति (आईएनसी) की पांचवीं बैठक थी, जो 2022 से प्लास्टिक प्रदूषण पर एक कानूनी संधि तैयार कर रही है। एक हफ्ते तक चली बातचीत में प्लास्टिक उत्पादन और हानिकारक रसायनों पर रोक लगाने की मांग और केवल कचरे के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने वाले देशों के बीच गहरे मतभेद दिखे। परिणामस्वरूप, मसौदा अधिकांश चिंताओं को अनसुलझा छोड़कर समाप्त हुआ। सभी देशों ने वार्ता जारी रखने के लिए अगले साल फिर से मिलने पर सहमति जताई। इस दौरान, सन्धि के लिए मसौदे और देशों की स्थिति पर बेहतर समझ विकसित हुई, लेकिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर मतभेद अब भी बने हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस के अनुसार, 'हमारी दुनिया प्लास्टिक प्रदूषण में डूब रही है। हर वर्ष, हम 46 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन करते हैं, जिसमें से अधिकांश को जल्दी ही फेंक दिया जाता है।' उन्होंने चेतावनी दी कि वर्ष 2050 तक महासागरों में प्लास्टिक की मात्रा मछलियों से अधिक हो सकती है। इसके अलावा, हमारी रक्तधारा में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रहे हैं, जिनके बारे में हमने अभी पूरी तरह से समझना शुरू किया है। हर दिन, कूड़े से भरे लगभग 2,000 ट्रकों के बराबर प्लास्टिक, महासागरों, नदियों और झीलों में फेंक दिया जाता है। यही प्लास्टिक वन्यजीवों एवं मानव स्वास्थ्य के लिए गम्भीर ख़तरा पैदा कर रहा है। माइक्रोप्लास्टिक के कण, भोजन, पानी, मिट्टी और यहां तक कि मानव अंगों व नवजात शिशुओं के प्लासेंटा तक में पाए गए हैं। वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा के प्रस्ताव द्वारा अपनाई गई सन्धि के तहत, प्लास्टिक के पूरे जीवन चक्र पर



ध्यान देने के प्रयास किए गए हैं। इनमें एक क़ानूनी रूप से बाध्यकारी संधि के ज़रिए प्लास्टिक के उत्पादन, डिज़ाइन और निपटान के लिए उचित समाधान तलाश किया जाना शामिल है। भारत का मत है कि प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने के लिए एक कानूनी उपकरण होना चाहिए। प्लास्टिक के विकल्पों की उपलब्धता, पहुंच, वहनीयता के लिए तकनीक हस्तांतरण, वित्तीय सहायता और क्षमता निर्माण पर भी चर्चा करके एक्शन लिया जाना चाहिए। वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम जारी किया था। इसके अनुसार प्लास्टिक की वस्तुओं से होने वाले प्रदूषण की गंभीरता को देखते हुए 1 जुलाई, 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक सामान पर प्रतिबंध लगाया गया। इसके अलावा 30 सितंबर, 2021 से प्लास्टिक कैरी बैग की मोटाई को कम-से-कम 75 माइक्रोन किया गया जो पहले 50 माइक्रोन हुआ करती थी। दुनिया भर में दैनिक जीवन में एकल प्रयोग वाले प्लास्टिक, बोतलों व अन्य उत्पादों को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाता है। उसकी रि-साइकिलिंग, प्लास्टिक के उचित निपटान व सतत् उपयोग के तरीक़े सुझाए जा रहे हैं। लेकिन उत्पादन के आरम्भ में, कृषि और उससे संबद्ध क्षेत्रों में, प्लास्टिक के इस्तेमाल की समस्या तेज़ी से उभरकर सामने आई है। केवल भूमि पर ही नहीं, जलीय कृषि उत्पादन में भी हर स्तर पर प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है, फिर चाहे वो टैंक, जाल, फ़ीड बैग, लाइनर, पाइपिंग, पॉलीस्टाइनिन बक्से, उत्पाद परिवहन या फिर रासायनिक के भंडारण के लिए हों। एफएओ के अनुमानों के मुताबिक़ अभी तक यह माना जाता रहा है कि महासागरों में पाए जाने वाला लगभग 80 प्रतिशत प्लास्टिक कचरा, जलीय कृषि जैसे समुद्री उद्योगों के बजाय भूमि-आधारित स्रोतों से उत्पन्न होता है। अब यह स्पष्ट हो रहा है कि विभिन्न प्रकार के मछली पकड़ने वाले गियर भी समुद्र को नुक़सान पहुंचा सकते हैं। कृषि में इस्तेमाल उत्पादों से होने वाले प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए संग्रह, पुनः उपयोग और रि-साइकिलिंग प्रमुख उपाय हैं। जिन प्लास्टिक वस्तुओं को प्रयोग के बाद एकत्र नहीं किया जा सकता, उन्हें पर्यावरण अनुकूल, बायोडिग्रेडेबल व सुरक्षित विकल्पों से बदला जाना चाहिए। किसी भी समझौते में प्लास्टिक के जीवन चक्र का ध्यान रखना होगा, एकल-इस्तेमाल और कम अवधि की प्लास्टिक की समस्या से निपटना होगा। इसके साथ ही, कचरा प्रबन्धन को मज़बूती देते हुए वैकल्पिक सामग्री को बढ़ावा देना होगा। इसके लिए देश के साथ-साथ वैश्विक कानून होने चाहिए, जिससे प्लास्टिक प्रदूषण पर समय रहते लगाम लगाई जा सके। पिछले दो वर्ष से प्लास्टिक प्रदूषण पर क़ानूनी रूप से बाध्यकारी उपाय के लिए अन्तर-सरकारी स्तर पर वार्ता जारी थी, जिसमें भूमि व समुद्री पर्यावरणों का भी ध्यान रखा गया, और उसके बाद बुसान में यह बैठक आयोजित की गई।

आप का नजरीया

# ग्रामीण बने रहने का हक

**विरोध** की परिभाषा में हिमाचल का भविष्य कन्नी काटता रहा है या सियासत ने जनता को लाड़-प्यार इतना दिया कि यथार्थ के टापू ही डूब गए। यहां राज्य की गरीबी में जनता अमीर होने की तरकीब जानती है, बड़ी शिद्दत से आजमाए हैं जमाने ने अपने नखरे। हालिया नखरा यह कि रहन-सहन और तहजीब की शहरी औकात के बावजूद, जनता को कर मुक्त ग्रामीण व्यवस्था में बने रहने का अधिकार चाहिए। यह किसी से छुपा नहीं कि हिमाचल में करीब तीस फीसदी आबादी पूर्ण शहरी, जबकि पूरा राज्य शहरी मानसिकता में विकास कर रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में नए शहर उभर रहे हैं, तो सरकार ने हमीरपुर, ऊना व बद्दी को नगर निगमों का दर्जा दे दिया, जबकि नगर पंचायतों और परिषदों के आवरण में कुछ कस्बों की शक्ल बदलने के लिए शहरी विकास मंत्रालय की सरहद बढ़ा दी गई, लेकिन इस प्रक्रिया के बीच खोट चुनने की आदत ने फैसले का विरोध चुन लिया। न नगर निगमों के दायरे पसंद आ रहे और न ही शहरी निकायों का निजाम रास आ रहा। यह दीगर है कि जिसे हम ग्रामीण क्षेत्र मानते हैं, वहां से ग्रामीण आर्थिकी नदारद है। होना तो यह चाहिए कि अगर गांव में अस्सी फीसदी खेती नहीं हो रही, तो इसे शहरी मान लिया जाए। अगर गांव में आवारा पशु बढ़ रहे हैं, खाद्य एवं दुग्ध उत्पाद बाहरी राज्यों से आ रहे हैं, तो उसे कृषि के मजमून से खारिज करके शहरी आर्थिकी से जोड़ दिया जाए। आश्चर्य यह कि बद्दी की लंबाई-चौड़ाई में ग्रामीण परिवेश तो बचा नहीं, लेकिन जनता को ग्रामीण फायदों की जमीं पर आक्रोश के मायने गढने हैं। यही सब ऊना के आरपार फैलते व्यापार के बावजूद नगर निगम के इरादों के विरोध से नत्थी है तो कहीं हमीरपुर की शहरी जुबां में ग्रामीण आवाजों को देख कर भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितना कठिन है हिमाचल में शहरी कर साम्राज्य खड़ा करना। सुविधाओं और सेवाओं के बदले नागरिक भुगतान की आदत डालना इसलिए भी कठिन है क्योंकि राजनीतिक पद्धति में कई नेताओं की जमीन इतनी खोखली है कि वे राज्य के भविष्य के लिए भी हिम्मत व विजन से नहीं देख पाते। यह करीब पांच दशक पूर्व आए ग्राम एवं नगर योजना कानून के अमल में आने की आवारगी भी है कि जनता अपने विकास की गलियों से व्यवस्था, कानून और चुनौतियों को दरकिनार करना चाहती है। कायदे से पूरे प्रदेश में टीसीपी कानून लागू करके गांव व शहर की खूबियों को सुरक्षित किया जा सकता था। हुआ इसके विपरीत क्योंकि औपचारिकताओं ने किसी भी शहर की योजना को आज तक कोई आकार ही नहीं दिया, बल्कि धर्मशाला व शिमला को मिले स्मार्ट सिटी के रुतबे का भी बुरा हाल हो गया। शहर को बचाने के लिए सर्वप्रथम साथ लगते गांवों के चरित्र, जमीन और चेहरे को बचाना लाजिमी था, वरना आज हर शहर व कस्बे के पांव साथ लगती कृषि योग्य भूमि को न रौंदते। परवाणू से शिमला, जसूर से जोगिंद्रनगर, मंडी से सुंदरनगर, नाहन से पांवटा साहिब, भुंतर से कुल्लू या ऐसी ही अनेक घाटियों ने खुद को शहरीकरण के अतिक्रमण में गुम कर दिया है। नश्तर उस जमीन पर चुभे हैं जो कभी सोना उगाती थी।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी, एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी, एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू के द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावे उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन-?वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों का जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके।बैठक में पीसीसी सड़क, पुलिया निर्माण, तालाब, विद्यालय समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी, एससीए श्रेयांश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 118 छात्र-छात्रों के बीच किया गया साइकिल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड कार्यालय परिसर में शिक्षा विभाग के सौजन्य सें उन्नति का पहिया योजना अतर्गत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत आठवीं वर्ग के 118 छात्र छात्राओं को निऱ्शुल्क साइकिल विततरण किया गया। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय फूलबसिया, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेसरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोंटी एवं हेसला में अध्ययनरत अष्टम वर्ग के सभी छात्र छात्राओं को शुल्क साइकिल प्राप्त हुआ।नि~ शुल्क साईकिल पाकर काफी विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर शिक्षा विभाग के प्रखण्ड (एमआईएस) समन्वयक नितीश कुमार, शिक्षक चंद्रप्रकाश पाण्डेय, राजेश कुजूर, मिथलेश मेहता एवं उपस्थित छात्र छात्राओं से कहा कि आप सबों को विद्यालय जाने की सुविधा के लिए साईकिल दिया जा रहा है। आप सभी शिक्षा में विशेष ध्यान दें और आगे बढ़ें। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## नागेंद्र यादव बने प्रांतीय युवा यादव महासभा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका प्रखण्ड मुख्यालय से सटे चेचेंधा गांव के नागेंद्र कुमार यादव को प्रांतीय युवा यादव महासभा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नागेंद्र कुमार यादव को प्रांतीय युवा यादव महासभा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर प्रांतीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने बधाई दी। प्रांतीय युवा यादव महासभा की बैठक में उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान नागेंद्र कुमार यादव ने कहा कि हमें जो विश्वास और भरोसे के साथ यह दायित्व सौंपा गया है। उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। बधाई देने वाले लोगो में संजय कुमार यादव, सतीश कुमार यादव, चंदन कुमार यादव, अखिलेश यादव समेत कई लोगों ने बधाई दिया।

## मारपीट में घायल अब्दुल हकीम मियां का रिम्स में ईलाज के दौरान मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के पेशरार पंचायत निवासी अब्दुल हकीम मियां के साथ कुछ लोगों ने लाठी एवं डंडे से मारपीट किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उनका इलाज रांची रिम्स में कराया जा रहा था। जहां इलाज के दौरान 9 दिसंबर दिन सोमवार की दो बजे रात में मौत हो गई। उनके पुत्र हसन अंसारी ने बताया कि मेरे घर के बगल में ही रहने वाले अब्दुल जब्बार मियां, अब्दुल खालिद मियां, शमशाद अंसारी के साथ पहले से ही जमीनी विवाद चल रहा था। ज़मीन विवाद में बीते 26 नवंबर मंगलवार की दोपहर तकरीबन 2:30 बजे मेरे पिता जब घर के समीप अपने खलियान के तरफ गये थे। उनको अकेला पा कर अब्दुल जब्बार मियां,अब्दुल खालिद मियां, शमशाद अंसारी अचानक भिड़ गये। जान मारने की नीयत से मेरे पिता के ऊपर लाठी डंडे से वार करने लगे और जब मेरे पिता के सर में चोट लगी तो वह मूर्छित हो गए।मूर्छित अवस्था में देख वे लोग वहां से भाग गए। उसी के बगल में खेल रहे बच्चों ने हमलोगों को इसकी जानकारी दी।हम वहां पहुंचे तो देखा कि उनकी हलात काफी नाजुक था और सर में चोट लगने के कारण काफी खुन बह रहा था। हमलोगों ने तुरंत इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल लाया जहां गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टर के द्वारा उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया परन्तु रिम्स में ईलाज के दौरान सोमवार की रात्रि में उनका देहांत हो गई।

## हाईवा के धक्के से एक युवक की मौत



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर हेरहंज थानां क्षेत्र के हुम्बू ग्राम के पास सोमवार को हाईवा के धक्के से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नीरज कुमार 20 वर्ष पिता हेमराज राम ग्राम हाटाटोंगरी हुम्बू निवासी अपने छोटे भाई को मोटरसाइकिल से स्कूल पहुंचा कर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित हाईवा ने पीछे से उसे टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिससे युवक बाइक सहित पेड़ से जा टकराया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ को हुम्बू ग्राम के समीप सड़क जाम कर दिया। और परिजनों के लिए मुआवजा की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था ।जिसे पुलिस समझा बुझाकर हटाने का प्रयास कर रही थी। बता दे कि युवक इंटर में कक्षा में पढ़ाई करता था।

# शिक्षक संघ ने किया नव निर्वाचित विधायक को सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह और मनिका विधानसभा क्षेत्र की जनता की जीत पर रविवार को मंगरा स्थित विधायक आवास पर पहुंचकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पलामू प्रमंडल के अध्यक्ष और बरवाडीह शिक्षक संघ के अध्यक्ष समेत दर्जनों शिक्षक व शिक्षिका ने भव्य सम्मानित करते हुए सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह को फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें बधाई दिया। मौके पर शिक्षकों ने प्राथमिकता के तौर पर अपना कर्तव्य निभाते कहा कि प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों मे शिक्षकों की कमी है जिस वजह से बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात बेमानी हो गई है। शिक्षकों ने विधायक से रुबरु होते हुए कहा कि शिक्षक एक निरीह प्राणी है विधायक से अपेक्षा है कि शिक्षकों को भरपुर सहयोग करते विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने को लेकर कोई ठोस कदम उठाए।वही विधायक ने कहा कि हम आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं।, आपकी हर समस्या मेरी समस्या है आप निश्चित होकर डियूटी पर जबाब देह बने। मौके पर बरवाडीह शिक्षक संघ के अध्यक्ष कन्हाई राम, रामनाथ राम, लक्ष्मण राम, ननदेव राम, अल्ताफ अनवर, विनय शर्मा, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार, बसंत कुमार विश्वकर्मा, सुरेश प्रसाद, रत्नेश ठाकुर, कमलेश कुमार, राजू कुमार, देवराज सिंह, सिकंदर सिंह, सिमरन सिंह अरविंद कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

# एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना पुलिस ने सोमवार को एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान के तहत दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच किया। वाहन चेकिंग अभियान बालूमाथ थाना क्षेत्र के पांकी मोड, थाना चौक, शहीद चौक झारखंड ढाबा समेत कई स्थानों पर लगाया गया था। जिसमें विभिन्न वाहन चालकों को अपने साथ ले जा रहे हैं बैग एवं डिक्की का जांच किया गया। इस सबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे गाडी के डिक्की के अलावा दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग लोगो से हेलमेट लगाकर चलाने की बात कही। वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया बाइक चलाने वाले इधर-उधर अपने रास्ता बदलकर लोग भागते दिखे। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में बालूमाथ थाना के और निरीक्षक अशोक कुमार, मो0 शमीम समेत शस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## चापाकल से पानी भरने को लेकर जमकर हुई मारपीट, बुजुर्ग घायल ने थाना को दिया आवेदन

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत गांव के स्व खिरु महतो का पुत्र कैलाश दांगी व पत्नी लखिया देवी तथा सूरज साव का पुत्र मनोज साव व पत्नी बबीता देवी ने चापाकल से पानी भरने को लेकर रविवार शाम को तू तू मैं मैं करने लगा।और कैलाश दांगी एवं इनकी पत्नी के साथ ईटा पत्थर से मारपीट कर दिया।जिसको लेकर कैलाश दांगी ने थाना में सोमवार को लिखित आवेदन दिया है जिसमें लिखा है। कि कैलाश दांगी को माथे में काफी चोट लगी है। एवं इनके घर में घुसकर मनोज साव 40000 नगदी के साथ जेवरात लेकर भाग गया है कैलाश दांगी एवं इनकी पत्नी बुजुर्ग हैं। आगे लिखा है कि घर में काफी तोड़फोड़ भी किया है।

## रामेश्वर यादव और राजेंद्र राम को राजद से निकालने के अफवाह से बचें : मो.रसीद अंसारी



**कान्हाचट्टी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा में राजद की समीक्षा बैठक रविवार को विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिसमे मैं रसीद अंसारी भी शामिल था। उस बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राम और रामेश्वर यादव की पार्टी से निकलने का निर्णय बिल्कुल निराधार है। मैं रसीद अंसारी राजद का एक समर्पित कार्यकर्ता हूँ। मैं राजद के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अपील करता हूँ कि बैठक में इन दोनों को पार्टी से निकालने का कोई निर्णय नहीं लिया गया। तो आखिर साजिस कौन कर रहा है। तमाम साजिस कर्ताओ से पार्टी को बचने की जरूयत है। उन्होंने कहा कि दोनों राजद के थे, हैं और रहेंगे।

## कस्तूरबा में अध्यनरत अनिशा कुमारी की बीमार होने पर छुट्टी नहीं मिलने से हुई मौत, मामा ने लगाया आरोप

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के आवासीय कस्तूरबा बालिका विद्यालय में पिछले छः दिन पूर्व घटना को लेकर छात्रा के मामा ने दिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींदर साहू व अंचलाधिकारी उदल राम को आवेदन मृतिका अनिशा कुमारी पिता रघुनाथ यादव प्रखंड इटखोरी ग्राम राजभर ढौठवा की रहने वाली थी जिनकी विद्यालय से छुट्टी मिलते ही एक दिन बाद मौत हो जाती है। मृतिका छात्रा अनिशा कुमारी के मामा महादेव याद जो ग्राम खैरा मेराल पंचायत निवासी ने संगीन आरोप विद्यालय के पूर्व में रह चुकी वॉर्डन शिक्षिका रूमा कुमारी पर लगाया है। उन्होंने अनिशा कुमारी से जुड़ी कुछ बात आवेदन में अंकित किया है। उनका कहना है कि छात्रा अनिशा कुमारी की तबीयत पिछले एक सप्ताह से खराब चल रही थी लेकिन रूमा मैडम से छुट्टी के लिए बार-बार विनती कर रहे थे लेकिन उनके द्वारा छुट्टी देने से इनकार कर दिया जा रहा था। जबकि अनिशा कुमारी की तबीयत खराब थी वह रूमा मैडम को पता थी। लेकिन यह सब जानते हुए भी रूमा मैडम ने छुट्टी देने से इनकार करते चली गई। अंततः छात्रा अनिशा कुमारी की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई तब विद्यालय के बच्चियों के द्वारा अचानक दिनांक 01.12.24 समय लगभग 12 बजे मृतिका निशा कुमारी की मां को जानकारी दी गई। मां जब आनंद फानन में विद्यालय पहुंची और अपने बच्ची को साथ ले जाने की कहीं तो मां को भी ले जाने और छुट्टी देने से रूमा मैडम ने इनकार कर दिया। अंततः विद्यालय की बच्चियों के द्वारा बोला गया की मैडम अगर किसी तरह से अनीशा के साथ अप्रिय घटना घटती है तो इसका जिम्मेदारी आपकी होगी। उसके बाद रूमा मैडम ने अपने जिम्मेदारी से मृतिका छात्रा अनिशा को छुट्टी करीब समय के 2:00 बजे दिया जाता है। छात्रा अनिशा कुमारी की राजभर ढौठवा जन्म स्थान है लेकिन वह बचपन से ननिहाल में रहकर हीं पढ़ाई कर रही थी। बाद में बच्ची के मामा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पत्थलगड़ा में नामांकन करवा देते हैं। छात्रा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की 12वीं कक्षा में अध्यनरत थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींदर साहू ने आश्वासन देते हुए कहा कि मैं इनकी पुरी पड़ताल करेंगे। और गुनहगार के ऊपर कार्रवाई करने का ठोस कदम उठाया जाएगा।

## वन प्रबंधन समिति एवं संरक्षण समिति का हुआ गठन, अध्यक्ष बने आदित्य ताम्रकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत भवन में वन प्रबंधन समिति एवं संरक्षण समिति पूर्ण गठन को लेकर सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुमीरा कुमारी और संचालन वनपाल मृत्युंजय कुमार ने किया। जिसमें 24 सदस्य समिति का चयन हुआ। अध्यक्ष आदित्य ताम्रकार सहसचिव आदित्य भारती उपाध्यक्ष शांति देवी का चयन किया गया। इस मौके पर वनरक्षि प्रकाश कुमार उप मुखिया विकास कुमार पांडेय मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती वन सदस्य सुनील कुमार यादव खिरोधर यादव लक्ष्मी पांडेय देव कुमार दांगी अजय रविदास रोहित कुमार दांगी रीता देवी कर्मधारी रजक शिव शंकर गुप्ता इंद्रदेव यादव प्रकाश साव देव कुमार साव धीरेंद्र कुमार पासवान सुनील कुमार महतो सुनील कुमार यादव नीरज पासवान मुनेश्वर दांगी रजनी देवी सरवन कुमार एवं ग्रामीण अन्य उपस्थित थे।

## आर सी ए सीनियर एवं विवेकानंद क्लब गिद्धौर के बीच खेला गया क्रिकेट, आर सी ए सीनियर ने 12 रनो से जिता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चतरा जिला क्रिकेट एसोशिएशन के तत्वाधान में आर सी ए सीनियर बनाम विवेकानंद क्लब गिद्धौर के बीच मैच खेला गया। जिसमें आर सी ए सीनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 23.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 162 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सर्वाधिक रन आर्यन 30 और कुंदन 27 रनों का योगदान दिया। विवेकानंद क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अखिलेश 3 रूपेश ने 2 विकेट लिया।जवाबी पारी खेलने उतरी विवेकानंद क्लब ने 23.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 156 रन बनाकर सिमट गई। और इस तरह से आर सी ए ने 12 रनों से मैच जीत लिया। आर सी ए सीनियर के तरफ से गेंदबाजी करते हुए पंकज ने पांच ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिया। पंकज कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। अंपायर की भूमिका चंदन, रिशु कुमार स्कोर दीपक कुमार ने निभाई इस मैच में एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह उपाध्यक्ष शुभम सिंह सचिव वी मनोज सहाय सह सचिव आशुतोष कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा मीडिया प्रभारी विपिन सिंह सदस्य मिथिलेश कुमार राय जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा राजू यादव राहुल वर्धन सुजीत कुमार संजय सिंह मौजूद थे।

## दमघोंटू वातावरण में कैसे जीयेंगे साहब, आखिर क्यों नहीं होती आपको इसकी चिंता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को अपने घरों में दुबकने के लिए मजबूर कर दिया है। वहीं सीसीएल के आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में रेलवे लाइन निर्माण हेतु अपनाये जा रहे पैंतरेबाजी और सतरंजी चाल ने कुछ गांवों के माहौल को गरम कर दिया है। गांव के सामने रेलवे साइडिंग बनने के बाद होने वाले भारी प्रदूषण से पलायन या दमघोंटू जिंदगी जीने के लिए मजबूर होने की आशंका लोगों में कतई कम नहीं हो रहा है, जबकि इसके फायदे बताने में प्रबंधन पूरी तरह से विफल है। जीने के मौलिक अधिकारों का हनन, धूल और धूंआ से हवाओं में घुले जहर के दूरगामी परिणामों की चिंता यहां गंभीर चिंतन का विषय जरुर है। बहरहाल, सेरनदाग के ग्रामीणों ने अनापत्ति के लिए फर्जीवाड़ा करने वाले बिचौलियों के मंसूबों पर पानी फेर चुके हैं। देखा जाये तो पिछले डेढ़ साल से इस सनसनीखेज मामले को एकजुटता, अधियाचना एवं आंदोलन के माध्यम से ग्रामीणों ने नकेल कस के रखा है। उक्त प्रोजेक्ट के लिए सोपारम, नवडीहा, होन्हें, कोयद, पोकला एवं बिंगलात गांव से भी आवश्यक अनापत्ति का क्या हुआ ग्रामीणों में सस्पेंस बना हुआ है। अधिकारी, जनप्रतिनिधि या वनाधिकार समिति ग्रामीणों के सवालों पर लोगों से कन्नी काटते नजर आते हैं! उन्हें ये तक नहीं बताते कि अनापत्ति यहां से अबतक लिया गया है या नहीं! दूरगामी परिणामों से चिंतित ग्रामीण प्रवासी साहबों से चैन से जीने देने की गुजारिशें कर रहे हैं। उनका कहना है कि तीन पांच से हो या इमानदारी के पगार से लाखों करोड़ों कमाकर साहब आप तो अपने घर चले जायेंगे पर कई पुश्तों से यहां रहने वाला परिवार यहां के प्रदूषित दमघोंटू वातावरण में आखिर कैसे जीयेगा, क्यों नहीं होती है दिल्ली दरबार और आपको इसकी चिंता।

# भीम आर्मी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. जुगेश दास ककहिया गांव पहुंचे

## इंसाफ़ को लेकर करेंगे आंदोलन : प्रवक्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत अंतर्गत ककहिया गांव में शनिवार को भीम आर्मी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ जुगेश दास पहुंचे। इन्होंने वन विभाग के द्वारा तोड़े गए घर को बर्बरतापूर्ण कार्रवाई बताया, इसका विरोध किया गरीबों के साथ यह अत्याचार किया गया है, साथ ही कुछ बच्चे बीमार होने की बात गांव वाले ने बताया, इसके लिए इन्होंने अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा को टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर स्वास्थ्य विभाग को ककहिया गांव पहुंचने का जानकारी दिया, तत्पश्चात कुछ ही समय बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंचकर बीमार लोगो को स्वास्थ्य चेकप कर दवाई दिया, साथ ही इन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से आग्रह किया की इन सभी परिवार के पास खाने के लिए कुछ अनाज नही है चावल दिया जाय। इसके उपरांत इन्होंने गांव वाले को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। मौके पर भीम आर्मी कार्यकर्ता संजय दास, समाज सेवी सह आजाद समाज पार्टी का चतरा जिला उप सचिव मनोज कुमार, समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी ने कुंदा में संविधान दिवस का मासिक गोष्ठी मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** पंचायत सचिवालय के सभागार में सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने मासिक संविधान दिवस गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कुंदा मुखिया सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहु ने किया जिसमें प्रखंड के दर्जनों गांव के लोग शामिल हुए। पर्यवेक्षक के रूप में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमिल कुमार ने बताया कि पार्टी की ओर से पूरे माह संविधान गोष्ठी पूरे देश मे मनाया जा रहा है इसी के आलोक में आज कुंदा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण करने की दिशा विनियमित करता है। संविधान कर्तव्यों के साथ-साथ मौलिक अधिकारों, मार्गदर्शक सिद्धांतों और नागरिक जिम्मेदारियों को भी परिभाषित करता है। भारत सरकार के राजनीतिक सिद्धांत, शक्तियां और अभ्यास संविधान पर आधारित हैं.उपस्थित लोगों ने संविधान को रक्षा करने और इसका पालन करने का संकल्प लिया इस मौके पर सतेंद्र यादव, नेमी भारती, अनिल कुमार, विनय कुमार, सुनील कुमार, मदन महतो, सुधीर कुमार समेत कई लोग शामिल हुए।

# नव विवाहिता की हुई मौत, परिजनों ने दहेज के लिये प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाने का लगाया आरोप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई, महिला का इलाज जहर खाने को लेकर किया जा रहा था. इस संबंध मे जानकारी दी गई की दारू इस महिला का नाम सपना था जो दारू प्रखंड अंतर्गत पुनाई के बसरिया की रहने वाली थी. परिजनों ने बताया की सपना की शादी 9 जुलाई 2024 को सिलवार में हुई थी. उस वक्त लड़की पक्ष ने लड़के पक्ष को 6 लाख 25 हजार रुपया तिलक दिया था.उसके बाद भी सपना कुमारी के पति अजीत कुमार और उनके सासू मां शैली देवी 5 लाख का अतिरिक्त मांग कर रहे थे लगातार उसे पैसा मांग कर प्रताड़ित किया जा रहा था. परिजनों ने शादी के 6 महीना बाद दहेज के लिए हत्या कर देने का आरोप लगाया है.इस संबंध मे मुफ्फसिल थाना में आवेदन दिया गया है. दिये गए आवेदन में कहा गया है कि सपना कुमारी को लगातार दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था सपना कुमारी की मां बुधनी देवी ने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह की है .उक्त आवेदन में मृत महिला सपना कुमारी की माता बुधनी देवी ने कहा है की वे अपनी पुत्री सपना कुमारी की शादी 9 जुलाई 2024 को सिलवार निवासी अजीत कुमार पिता शम्भु महतो के साथ धूम-धाम से हुई थी। शादी के दहेज में 6.25 लाख रुपये और घर का सारा समान, पलंग, टीवी, गोदरेज, फ्रीज, वाशिंग मशीन, कूलर एवं 25 ग्राम सोने का आभूषण दी गई थी, पर शादी के बाद अजीत की माँ सैला देवी पति शम्भु महतो ने सपना कुमारी के साथ शारीरिक एवं मानसि?क प्रताडना करने लगी और दहेज का 5 लाख और अतिरिक्त मांग करने लगे, और ये रकम नहीं मिलने पर अधिक प्रताड़ित करने लगी, तब उसके घर जाकर पारिवारिक समझौता भी किया गया लेकिन फिर भी लड़का अजीत कुमार और उसकी माँ सैला देवी का प्रताड़?ना कम नहीं हुआ। इसी बीच पिछले दो दिनों से अजीत कुमार और उसकी माँ ने सपना कुमारी को खाना-पीना देना बंद कर दिया और इसी बीच भारी प्रताडना में उसे गाली-गलौच करते हुए जहर खा जाने या किसी प्रकार से मर जाने का बात कह दी।इसी क्रम में सपना को जबरन मायके जाने का दबाव दिया जाने लगा जिससे तंग आकर सपना ने जहर खा ली, उसके बाद सपना के पति ने सपना के परिवार वालों को झुमरा बाजार में बुलाकर जबरदस्ती सपना को छोड़कर उसके पति अजीत कुमार भाग गया, उसके बाद वे सपना को अपने सगे-सम्बंधियो को बुलाकर आनन-फानन में 8 दिसंबर को लगभग 6 बजे शाम को हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया . जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. सपना की माँ ने आगे कहा की सपना ने यह कदम मजबूरी में उठाई ताकि उसे प्रताड़ना से राहत मिल सके। उन्होंने सपना कुमारी की हत्या में अजीत कुमार एवं उसकी माँ सैला देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का प्रत्यक्ष भूमिका रहने का आरोप लगाई है साथ ही अजीत कुमार एवं उसकी माँ सैला देवी पर मामले की जाँच कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिन मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में त्याग की मुर्ति व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय सोनिया गांधी का 67 वां जन्म दिन सादगी से मनाया गया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें उनकी दीर्घयु की कामना करते हुए कहा कि जब 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई तो सोनिया गांधी को कई लोगों ने नेहरू-गांधी वंश का स्वाभाविक उत्तराधिकारी माना और उन्हें कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने की पेशकश की गई । उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और सार्वजनिक रूप से राजनीति पर चर्चा करने से इन्कार कर दिया । हालांकि 1993 में उन्होंने उत्तरप्रदेश के अमेठी में राजीव गांधी के पूर्व निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया । इसके बाद उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन के लिए समर्पित ट्रस्टों और समितियों की ओर पुरे देश का दौरा किया । 1998 में सोनिया गांधी तत्कालीन संघर्षरत कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष बनने के लिए सहमत हुई । कार्यक्रम के पश्चात जरूरमदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत प्रदेश सचिव बिनोद सिंह प्रखंड अध्यक्ष अजित सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, अजय गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, साजिद अली खान, दीपक गुप्ता, सलीम रजा, गुड्डू सिंह, परवेज अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, राजू यादव, अजित अनिल भुईया, भैया असीम कुमार, मो. वारिस, सैयद अशरफ अली, सोनू वर्मा, शब्बीर अली, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच मुखिया ने किया स्वेटर का वितरण

**- बच्चे देश के भविष्य हैं,इनका पालन पोषण और पठन-पठान में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी : राजेन्द्र प्रसाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत कोरियाडीह के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में ठंड को देखते हुए सोमवार को छोटे बच्चों और बच्चियों के बीच धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह सरकार की बहुत ही अच्छी पहल है।आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है. बच्चे एक जैसा स्वेटर पहन कर आएंगे तो काफी अच्छे लगेंगे। साथ ही ठंड में इन्हें राहत मिलेगी. स्वेटर पाकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। सभी अभिभावकों को प्रतिदिन अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की. कहा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कई अन्य चीजें भी सिखाई जाती है, आंगनबाड़ी केंद्र में खेल-खेल में ही बच्चे कई चीज सीख जाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र पर ही दी जाती है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सेविका और सहायिका को केंद्र का संचालन सही तरीके से करने का भी दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका किरण कुमारी, अनिता कुमारी सहायिका मंजू देवी, आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चे बच्चियों सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक रौशनलाल चौधरी ने लिया शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव विधानसभा विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली। इस दौरान उन्होंने सदन में घुसने के पूर्व भगवान बिरसा मुंडा और विधानसभा भवन को नमन किया। शपथ लेने के पश्चात उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विकास के लिए मेरी प्रतिबद्धता है। झारखंड विधानसभा के मंदिर पर पहुंचाने का अवसर प्रदान करने के लिए बड़कागांव विधानसभा के सभी देवतुल्य जनता का आभार प्रकट करता हूं । यह पल मेरे लिए गर्व, ऐतिहासिक, स्मरणीय और कृतज्ञता से भरा हुआ है, मैं आपका सेवक था हूं और हमेशा रहूंगा।

## एच ज़ेड बी आरोग्यम अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एच ज़ेड बी आरोग्यम अस्पताल ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सोमवार को एक निःशुल्क स्त्री रोग एवं शिशु रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर अस्पताल परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें 45 से अधिक महिलाओं और 30 से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गईं, और बीपी, शुगर व पल्स की जांच भी पूरी तरह मुफ्त रही। शिविर में डॉ. सुधा भंगरा, डॉ. कुमारी ऐश्वर्या और डॉ. हीरालाल जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने समर्पण और संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज किया। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि एच ज़ेड बी आरोग्यम अस्पताल का उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना और हर वर्ग तक उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं पहुंचाना है। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने इस आयोजन को सफल बताते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भविष्य में और भी बड़े पैमाने पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## ट्रैक्टर के चपेट में आने से नाबालिग की मौत, सड़क जाम



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनी पेटो गांव में ट्रैक्टर ने एक नाबालिग युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिस कारण युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई. घटना 9 दिसंबर के सुबह की है.मृत युवक चट्टी पेटो गांव निवासी राजेंद्र साव का 16 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार है.घटना के संदर्भ में मिली जानकारी आयुष अपने तीन अन्य साथियों के साथ स्कूटी से पास के ही गांव पुरनी पेटो चचेरी बहन के शादी में जा रहा था.वापसी के क्रम में बालू लोड ट्रैक्टर से पास लेने के क्रम में ट्रैक्टर चालक ने युवक को ट्रैक्टर के चपेट में ले लिया.चपेट में आने से युवक को माथा और छाती में गंभीर चोट लग जाने से उसकी मौत हो गई. घटना के उपरांत परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजा समेत अन्य मांगों को लेकर केरेडारी टंडवा मुख्य सड़क को डमहा बागी के पास शव को रख कर सड़क जाम कर दिया.घटना के उपरांत सड़क जाम के क्रम में बेहद आक्रोशित नजर आ रहे थे.वहीं सड़क जाम को हटाने को लेकर सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल नव पदस्थापित थाना प्रभारी विवेक कुमार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता समेत अन्य लोग सड़क जाम हटाने को लेकर प्रयत्नशील थे.समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम था.

## हत्यारों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अविलम्ब हो : सुनील साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन हजारीबाग के जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू की अध्यक्षता में उपायुक्त के समझ एक दिवसीय धरना दिया गया. उक्त मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव की उपस्थिति रही. प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आए दिन तेली समाज के लोगों की हत्याएं लगातार हो रही है और हत्या करने वाले अधिकतर हिंदू समाज के ही लोग होते हैं . तेली समाज के लोगों की हत्या पर सभी राजनीतिक पार्टी चुप्पी साधे रहती है . किसी के भी द्वारा कोई आवाज नहीं उठाई जाती इसीलिए हम सभी को एकजुट और जागरुक होना अति आवश्यक है . उन्होंने यह भी कहा कि इन हत्याओं को लेकर हेमंत सरकार को भी स्वतः संज्ञान लेनी चाहिए. प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव ने कहा कि मृतक उदय साहू सर्व समाज के गरीबों , शोषितों , वंचितों , मजदूरों , विस्थापितों , किसानों के बीच लोकप्रिय थे ! जिनका जीवन काल गरीबों के उत्थान के लिए संघर्ष में गुजर रहा था । ऐसे व्यक्ति को खुलेआम गोली मारकर हत्या कर करना समझ से परे है. कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव ने कहा कि इस हत्याकांड में धनबल और माफियाओं की संलिप्तता समझ आती है . जिला प्रशासन को हत्यारों की गिरफ्तारी अविलम्ब करते हुए मृतक परिवार को एक सरकारी नौकरी एवं 50 लाख रुपया मुआवजा देना ही होगा अन्यथा महासंगठन उग्र आंदोलन भी करने पर बाध्य हो जाएगी . धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस राष्टीय सचिव अम्बा प्रसाद,महिला अध्यक्ष प्रियंका साहू, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष अशोक, जिला मीडिया प्रभारी आशीष कुमार साव, पलामू जिला अध्यक्ष अशोक साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव, समाजसेवी रेखा कुमारी, लातेहार जिला अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, लातेहार , रणधीर साव अरविंद साहू तालेश्वर साव, ग्राम अध्यक्ष डमर साव , सुनील साहू,. ट्यूनी साहू बांका, चतरा जिला अध्यक्ष मुरारी साव, विकास कुमार सिंहरावा, सुखदेव साहू, गणेश प्रसाद गुप्ता,कुलदीप साहू,चौहान साव,बैजनाथ कुमार गुप्ता,प्रमोद कुमार गुप्ता, केशव साव, भुलान साव, अजय साव, रणधीर साहू, चौहान साव, दीपक गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सुबोध साव, बासुदेव साव, विकास कुमार गुप्ता, महेंद्र साव, सुनील साहू, कुलदीप साव, नंदू साव, जयप्रकाश साव, चेतलाल साव, सोहन कुमार साव, टुनी साव, मुरारी साव, जयनारायण साव समेत सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति रही .

## सर्वर डाउन और नेटवर्क फेल, ई-केवाईसी का बन रहा बाधा, डीलर और लाभुक हलकान, सरकार से अविलंब 4जी ई-पोश मशीन की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही जिला आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित आच्छादित लाभुकों को ई-केवाईसी करना अनिवार्य है। इन दिनों जन वितरण प्रणाली दुकान के माध्यम से कार्डधारकों का ई-पोश मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी किया जा रहा है जिसका अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।इसके साथ इसी माह लाभुकों को दिसम्बर माह का राशन भी वितरण किया जाना है। ई-केवाईसी तथा राशन वितरण प्रकिया दोनों एक साथ करने के कारण ई-पोश मशीन का सर्वर तथा नेटवर्क का रहना अति जरूरी है, परंतु सर्वर डाउन तथा नेटवर्क नहीं रहने के कारण उपभोक्ताओं एवं डीलरों के बीच परेशानी हो रही है। लाभुक अपने घरेलू काम छोड़कर दिन भर ई-केवाईसी या राशन लेने के लिए डीलर के पास बैठ कर समय बीता रहें हैं। सर्वर डाउन रहने के कारण न समय पर राशन वितरण किया जा रहा है और न ही ई-केवाईसी किया जा रहा है। जिसके कारण उपभोक्ताओं एवं डीलरों के बीच कभी कभी तिखी नोक झोंक की नौबत आ जाती है। वहीं एक ओर जहां डीलर मशीन खोल कर सर्वर चलने का इंतजार करते हैं,वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता भी सर्वर आने के लिए मशीन के बगल बैठ इंतजार करते हैं। इस तरह डीलर लाभुक दोनों परेशान हैं। इस सम्बंध में बरही प्रखंड डीलर संघ अध्यक्ष डोमन पाण्डेय ने बताया कि जिस गति से सर्वर डाउन चल रहा है राशन वितरण या ई-केवाईसी एक साथ करना मुश्किल हो रहा है। सरकार द्वारा समय पर काम करने का दवाब भी बना रहता है। उन्होंने बताया कि बरही प्रखंड में कुल 1,18603 युनिट है। पीएच कार्ड 16386 का 84524 युनिट, अन्त्योदय कार्ड 4228 कार्ड में 19426 युनिट तथा ग्रीन कार्ड 3796 कार्ड में 14653 युनिट है। उन्होंने कहा कि 5 जी के जमाने में सरकार डीलरों को 2 जी का मशीन देकर परेशान कर रही है। अगर सरकार 2जी के जगह 4जी के मशीन उपलब्ध कराती है तो डीलर समय पर सभी काम को कर सकते हैं। उन्होंने सरकार से अविलंब 4जी ई- पोश मशीन की मांग किया है।


## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची
### (जिला सामान्य शाखा)
### प्रेस विज्ञप्ति

राँची जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या– 01/2024 प्रकाशित की गई है। जिसके तहत् प्राप्त आवेदनो की स्क्रुटनी प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। प्राप्त आवेदनो की स्क्रुटनी की पूर्ण विवरणी जिला के अधिकृत वेबसाईट– www.ranchi.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है साथ ही कार्यालय की सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की गयी है। यदि प्रदर्शित विवरणी में किसी भी अभ्यर्थी/आवेदक को किसी भी प्रकार का कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे दिनांक– 10.12.2024 से 14.12.2024 तक कार्यालय अवधि में प्रभारी उप समाहर्त्ता, जिला सामान्य शाखा, राँची समाहरणालय, भवन ब्लॉक– 'A' द्वितीय तल्ला, कमरा संख्या– 209 में स्वीकार्य योग्य साक्ष्य के साथ दर्ज करा सकते हैं।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
राँची।

PR.NO.341534 Ranchi(24-25):D

## उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा
### (जिला नजारत शाखा)

**–: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/24–25 :–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा दोनों परिसदन भवनों के संचालन हेतु इच्छुक फर्म/एजेंसी से मुहरबन्द तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

संचालन कार्य में दोनों भवनों का साज–सज्जा, साफ–सफाई, निर्बाध विद्युत एवं पानी की व्यवस्था, पेयजल, बागवानी का रख–रखाव, सफाई कर्मियों को मानदेय, एवं कैटरिंग की व्यवस्था शामिल है।

नोटः– निविदा संबंधित विस्तृत विवरणी/नियम/शर्त ***www.simdega.nic.in*** पर उपलब्ध है।

**निविदा हेतु शर्तें निम्न प्रकार है :–**

1. परिसदन भवन के आंतरिक साफ–सफाई जिसके अन्तर्गत कमरों, प्रसाधन गृहों रसोईघर सहित पूरे परिसर की साफ–सफाई शामिल होगा।
2. परिसदन के लॉन बगीचा हेज की कटिंग, पेड़ की कटिंग आदि की साफ–सफाई एवं रख–रखाव, बगीचा में पेड़, फूल एवं घास का रख–रखाव शामिल होगा।
3. हाउस कीपिंग के अन्तर्गत निम्नांकित कार्य है :–
4. (i) परिसदन भवन में लगे इलेक्ट्रॉनिक्स विद्युत उपकरण, स्ट्रीट लाईट, पाथ लाईट एवं जलापूर्ति का रख–रखाव।
   (ii) परिसदन भवन के कमरों एवं रसोई घर के फर्नीचर/उपस्कर आदि का रख–रखाव।
   (iii) परिसदन भवन में ठहरे हुए अतिथियों के लिए प्रसाधन की वस्तुएँ तेल, साबुन, शैम्पु, तौलिया, चादर एवं कम्बल आदि आपूर्ति करना।
   (iv) बेडशीट, मच्छरदानी गुड नाईट/मोर्टिन, टिशू पेपर विथ होल्डर, पर्दा, तकिया, तौलिया, इत्यादि की आपूर्ति साफ–सफाई एवं धुलाई।
   (v) संबंधित व्यक्ति/एजेन्सी रसोईघर में फ्रीज, मिक्सी एव माईक्रोवेब ओवन के अलावे किसी अन्य प्रकार की विद्युतीकरण उपकरण का उपयोग नहीं करेंगे।
   (VI) दोनों परिसदन भवनों में High Speed WiFi Connectivity की सुविधा उपलब्ध करना होगा।
5. निर्वाध, विद्युत की व्यवस्था करना होगा (जेनेरेटर एवं तेल सहित) विद्युत बिल का भुगतान जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा।
6. अतिथियों के लिए चाय नाश्ता एवं भोजन आदि निर्धारित दर पर व्यवस्था करना।
7. परिसदन भवन में भोजन/नाश्ता/चाय आदि से होने वाली आय/व्यय संचालन संस्था द्वारा स्वयं किया जायेगा।
8. परिसदन भवन के कमरों का आरक्षण पूर्व की भांति जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा।
9. निविदादाता तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में देना सुनिश्चित करेंगे।
10. तकनिकी बीड हेतु निविदा के साथ रू0 3,00,000.00 (तीन लाख) सुरक्षित जमा राशि जो किसी भी राश्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट् (लौटाने योग्य), जो उपायुक्त, सिमडेगा के पदनाम से भुगतेय हो, संलग्न किया जाना है। सफल निविदादाता द्वारा परिसदन भवन का संचालन निविदा शर्तों के अनुसार नहीं कर पाने की स्थिति में निविदा रदद् करते हुए सुरक्षित जमा राशि जप्त कर लिया जाएगा जो वापस देय नहीं होगा।
11. फर्म/एजेंसी इसके लिये आवेदन कर सकते हैं।
12. फर्म/एजेंसी का वैध पैन नम्बर धारक होना एवं विगत चार वर्श का आयकर विवरणी केटरर/रेस्टोरेंट चलाने एवं FSSAI प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
13. राज्यपाल, मंत्रिमंडल सचिवालय, न्यायिक पदाधिकारी स्तर से अभिमूल्यन अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले एजेंसी को प्राथमिकता दी जायेगी।
14. निविदादाता को काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ पत्र देना होगा।
15. सरकारी विभाग के साथ अधिकतम कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी।
16. वित्तीय बिड में निविदादाता द्वारा सेवा प्रदान करने की दर (कर सहित) अंकित करेंगे।
17. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा (बिड) खोला जाएगा।
18. फर्म/एजेंसी द्वारा विपत्र सभी कर सहित समर्पित करना होगा जिस पर जाचोंपरान्त नियमानुसार राशि का भुगतान किया जाएगा।
19. किसी भी समय निविदा को बिना कारण बताये स्थगित या रदद् करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
20. किसी तरह का विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्र सिमडेगा ही होगा।
21. निविदा में सिमडेगा जिला के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी।

उपर्युक्त शर्तों/निहित निर्देशों के अनुसार निविदादाताओं के द्वारा **दिनांक–.17.12.2024को 11:00 बजे पूर्वाहन्** तक उपायुक्त का कार्यालय, नजारत शाखा में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर निविदा जमा किया जाएगा। (निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा)। **दिनांक–18.12.2024 को 03:00 बजे अपराह्न** में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय निविदा समिति के द्वारा निविदा खोल कर नियमानुसार निष्पादन किया जायेगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित होगी।

उपायुक्त,
सिमडेगा

PR 341533 Simdega (24-25)_D

# एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में हुआ सफल बाईपास सर्जरी, मरीज़ को मिली एक नई ज़िंदगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एक जटिल बाईपास सर्जरी के बाद एक मरीज़ ने अपनी नई ज़िंदगी की शुरुआत की है। मरीज़, जो पहले से ही दस साल पुरानी डायबिटीज, क्रॉनिक स्मोकिंग और सीओपीडी जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रही थी, जो अब बिना किसी छाती में भारीपन के सामान्य जीवन जीना शुरू कर दिया है। पटना में एंजियोग्राफी के दौरान मरीज़ को तीन महत्वपूर्ण नसों में क्रिटिकल ब्लॉकेज का पता चला था। इसके बाद, पटना, रांची और कोलकाता के प्रमुख अस्पतालों ने मरीज़ की उम्र को देखते हुए बाईपास सर्जरी करने से मना कर दिया था। ऐसे में परिजन ने एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का रूख किया, जहां डॉ. श्रवण और उनकी टीम ने मरीज़ की तीन प्रमुख नसों के ब्लॉकेज को बाईपास सर्जरी से सफलतापूर्वक खोल दिया। सर्जरी के बाद मरीज़ की हालत में सुधार हुआ और वे अब सामान्य जीवन जी रही हैं। मरीज़ के परिजन ने अस्पताल



प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। वहीं एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के सीईओ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा की हमारे अस्पताल का उद्देश्य हमेशा मरीज़ों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है, और यह घटना इस बात का प्रमाण है कि हमारी टीम अपने कर्तव्यों में पूरी तरह से समर्पित है। मैं डॉ. श्रवण और उनकी टीम को इस सफल सर्जरी के लिए बधाई देता हूं। हम सभी अपने मरीज़ों के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हैं।

### खेल प्रतियोगिता में डीएवी लोदना के छात्रों ने लहराया परचम

# जीत उसे मिलती है जो अन्य के मुकाबले अतिरिक्त पसीना बहाते हैं : एज़ाज अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डीएवी बनियहीर के प्रांगण में डीएवी प्रबंध समिति द्वारा आयोजित डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। छात्रों के स्वागत के लिए सभी शिक्षक मजूद थे। सभी शिक्षक ने छात्रों को गले लगा कर उज्ववल भविष्य के लिए दुआ दी। छात्रों के अभिभावक भी मजूद थे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्राचार्य एज़ाज अहमद ने पदक पहना कर सम्मानित किया। सम्मानित प्रतिभागियों में तीरअंदाजी प्रतियोगिता के 14 वर्षीय बालक वर्ग की व्यक्तिगत




स्पर्धा में मोहम्मद सलमान को 20 मीटर तथा 30 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 17 वर्षीय बालक वर्ग की तीरअंदाजी प्रतियोगिता में शुभजीत मोदक को तृतीय तथा बॉलीवाल की 19 वर्षीय बालक प्रतियोगिता में सागर प्रताप सिंह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर एज़ाज अहमद ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजयी प्रतिभागियों की भूरि -भूरि प्रशंसा की तथा उनके उज्ववल भविष्य की कामना की। प्राचार्य महोदय ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैदान पर जीतने के लिए हर खिलाड़ी उतरता है लेकिन जीत उसे मिलते हैं जो अन्य के मुकाबले अतिरिक्त पसीना बहाता है। पढ़ाई के साथ खेल कूद भी अति आवश्यक है। इस अवसर पर खेल शिक्षक असीम प्रियदर्शी एवं अरूंधती मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ कैंप में तैनात झारखंड पुलिस के हवलदार की गोली लगने से हुई मौत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप में



तैनात झारखंड पुलिस के हवलदार को गोली लग गई। गोली लगने के बाद उसे आनन फानन में एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी अजीत कुमार, सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी समेत पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। मृतक की पहचान नंदकिशोर सिंह के रूप में हुई। वह पलामू जिला का रहने वाला था और उनकी पोस्टिंग टुंडी थाना में हवलदार के तौर पर थी।सीटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि टुंडी थाना के सेट में हवलदार नंदकिशोर सिंह तैनात था, जहां गोली लगने से उसकी मौत हुई है। मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। वहीं, टुंडी थाना में तैनात हवलदार सुखेंद्र प्रसाद ने बताया कि टुंडी थाना क्षेत्र सीआरपीएफ कैंप सैट में हवलदार नंदकिशोर की तैनाती थी। सुबह उठने के बाद वह राइफल साफ कर रहा था। इस दौरान गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद सभी लोग भागे-भागे पहुंचे तो देखा कि नंदकिशोर को गोली लग गई है और वह नीचे पड़ा हुआ है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस घटना पर दुख जताया है। इधर, पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## आईआईटी आइएसएम के 99 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुये राज्यपाल संतोष गंगवार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले का सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान




आइआइटी आइएसएम 99 साल का हो गया है। संस्थान ने अपना 99 वां स्थापना दिवस मनाया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष गंगवार ने शिरकत की। आईआईटी आइएसएम पहुँचने पर जिला प्रशासन ने राज्यपाल को गॉड ऑफ ऑनर दिया। आईआईटी आईएसएम के डायरेक्टर प्रो. सुकुमार मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर प्रो. धीरज कुमार, डीसी माधवी मिश्रा, एसपी ग्रामीण कपिल चौधरी आदि ने राज्यपाल का स्वागत किया। समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अलावे विशिष्ट अतिथि में कोल इण्डिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं दुर्गापुर बर्नपुर सेल निदेशक विजिंदर प्रताप सिंह उपस्थित हुए। समारोह में संस्थान के समस्त फेकेल्टी, स्टूडेंट्स एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वही राज्यपाल ने पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। संस्थान ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि आइआइटी आइएसएम के 99 वां स्थापना दिवस में आकर अच्छा लगा। संस्थान को इसके लिये बहुत बहुत बधाई है।

## इस्कॉन कुसुम विहार ने आयोजित किया विशेष प्रार्थना सभा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया।प्रार्थना सभा में सभी भक्तो ने हरि नाम जाप एवं कीर्तन कर भगवान से बांग्लादेशी हिंदुओं के सुरक्षा के लिए प्रार्थना किया और सभी देशवासियों को एक होने का निवेदन किया।इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने सभी भक्तो से आग्रह किया कि वो धर्म को समझे, अपने ग्रंथों का अध्ययन करे और एक रहें। अगर सभी सनातनी विभिन्न जात या समाज में ना बट कर एक रहे तो एक सकारात्मक विचार का माहौल बनेगा और सभी अपने धर्म की रक्षा कर सकेंगे। सभा के पश्चात भक्तो के मध्य प्रसाद का वितरण किया गया।

## उर्दू के महत्व को समझाने के लिये लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन, 223 बच्चों ने लिया भाग

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू (हिंद) धनबाद द्वारा मदर हलीमा पब्लिक स्कूल, धनबाद के छात्रों के लिए उर्दू के महत्व और उपयोगिता को समझाने के लिए लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें धनबाद ज़िला के 18 स्कूलों के 223 बच्चे-बच्चियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने भाषण कौशल से मंत्रमुग्ध कर दिया... सलीक़े से हवाओं में जो खुशबू घोल सकते हैं, अभी कुछ लोग बाक़ी हैं, जो उर्दू बोल सकते हैं।निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए ग्रुप ए और ग्रुप बी दो ग्रुप बनाए गए। विषय दिया गया- उर्दू का महत्व एवं उपयोगिता। भाषण प्रतियोगिता में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के अंतर्गत ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता का निर्णय निर्णायक के रूप में डॉ. खालिद सैफुल्लाह और इम्तियाज़ ग़दर ने किया। इम्तियाज़ बिन अजीज ने मंच का सुंदर ढंग से संचालन करते हुए मुनव्वर राना के शेअर से बात शुरू की... लिपट जाता हूँ माँ से और मौसी मुस्कुराती है, मैं उर्दू में ग़ज़ल कहता हूँ, हिंदी मुस्कुराती है।


### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित करता है। **(1) निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-105; कार्य का नाम:** बंद एलसी संख्या 255 और एचबी -57 के बदले आरयूबी/एलएचएस के निर्माण से संबंधित एस एंड टी कार्य; **निविदा मूल्य:** ₹33,55,531.60; **बयाना राशि:** ₹67,100.00; **(2) निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-106; कार्य का नाम:** अमृत भारत स्टेशन योजना (सुगम्य भारत फेज-II) के अंतर्गत चक्रधरपुर, राजखरसावां और राजगांगपुर में 7 लिफ्टों के प्रावधान के लिए एस एंड टी कार्य; **निविदा मूल्य:** ₹42,36,319.61; **बयाना राशि:** ₹84,700.00; **(3) निविदा सूचना सं.: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-107; कार्य का नाम:** पाटासाही स्टेशन पर अतिरिक्त लोडिंग लाइन के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य; **निविदा मूल्य:** ₹1,55,66,975.89; **बयाना राशि:** ₹2,27,800.00; **(4) निविदा सूचना सं.: एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-108; कार्य का नाम:** रांगरा स्टेशन पर अतिरिक्त लोडिंग लाइन के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य; **निविदा मूल्य:** ₹1,12,23,390.00; **बयाना राशि:** ₹2,06,100.00; **कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 महीने (सभी बोलियां); **खुलने की तिथि:** 30.12.2024 को 15:00 बजे (सभी बोलियां); इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी भी ऐसे मैन्युअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा। निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा दस्तावेज निःशुल्क जारी किए जाएंगे। **(PR-882)**


## जनहित मे क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** डिगवाडीह गुप्ता मेडिकल के पास जनहित कार्य के लिए एक बैठक की गई। बैठक में क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामप्रवेश यादव ने किया। संचालन अनिल बाउरी ने किया। इस बैठक में काफी संख्या में समाजसेवी, राजनीतिकार, बुद्धिजीवी उपस्थित हुए। झारखंड की आम जनता की समस्या पर चर्चा हुई। अनिल बावरी ने कहा की ये सारी बिंदु जनहित के लिए हैं। अगर जनहित के लिए लड़ाई लड़नी होगी तो मरते दम तक लड़ते रहेंगे। ये पहली बार जनहित के कार्य के लिए क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का गठन किया गया है। अगर जनहित के कार्य के लिए सरकार से भी लड़नी पड़ी तो हम लोगो पीछे नहीं हटेंगे। रामप्रवेश यादव ने कहा की मईया सम्मान योजना को घर घर तक लाभ पहुचाना, बैंक में मिनिमम बैलेंस करना, झरिया से गाँव को नगर निगम से बाहर किया जाए, समान काम का समान वेतन दिया



जाए, पारा मेडिकल, पारा शिक्षक में से पारा नाम को जल्द से जल्द हटाया जाए आदि मुद्दे इस बैठक मे प्रमुख रहे। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी के जिला महासचिव गोपाल यादव ने अपने संबोधन में कहा है कि जनहित कार्य के लिए अधिक से अधिक संख्या में युवा और महिला को शामिल किया जाएग। मौके पर अप्पु खान, राम लाल महतो, सुरेश यादव, रामशिस महतो, मोतीलाल हेम्बर्म, बी एन राय, गोपाल यादव, सोनु हेम्बर्म, सहदेव शर्मा, शिव बालक पासवान, शिव शंकर प्रसाद आदि मौजुद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर भूली में हुआ कैंसर के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** 9 दिसंबर को सरस्वती विद्या मंदिर भूली में छात्रों के बीच कैंसर के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें असर्फी कैंसर संस्थान के चिकित्सक डॉ विप्लव मिश्रा एवं डॉ राधिका मोहन बतौर विशेषज्ञ उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को कैंसर क्या है? कैंसर के कारण, कैंसर से कैसे बचें, कैंसर के प्रकार, कैंसर का इलाज,



कैंसर के विभिन्न चरण, कैंसर उत्पन्न करने वाले सेल, कैंसर के लक्षण, कैंसर की पहचान, कैंसर से कैसे बचें तथा कैंसर से संबंधित भ्रांतियां के बारे में बताया। इसके साथ हीं उन्होंने छात्रों को सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीन के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में कैंसर का पता चल जाने से कैंसर पेशेंट पूरी तरह से ठीक हो जाते हैं। कैंसर के इलाज में स्टेज बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी प्रकार का लक्षण दिखने पर अविलंब अपने चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कार्यक्रम को काफी लाभप्रद बताया। कार्यक्रम के आयोजन में असर्फी हॉस्पिटल के संतोष सिंह, विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य रंजना सिंह, अनुराधा कुमारी, संतोष गुप्ता आदि सक्रिय रहे।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

**69वीं औपबंधिक सूची जिला–गुमला (पार्ट–1)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री बिरेन्द्र तिर्की एवं मदन लोहरा के द्वारा पहचान तथा अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित बैठक पंजी में नाम। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–818/24 2. आवेदक–सुशंती देवी, पति–स्व0 महनु लोहरा<br>3. ग्राम–भरनो नवाटोली, पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–819/24 2. आवेदक–मनोज उरांव (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 जितेन्द्र उरांव (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–तुरिअम्बा, पोस्ट–तुरिअम्बा, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–23 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–820/24 2. आवेदक–गन्दुरा मुण्डा, पिता–स्व0 हन्दु मुण्डा<br>3. ग्राम–मसिया , पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–821/24 2. आवेदक–हेमराज मुण्डा, पिता–स्व0 बासु मुण्डा<br>3. ग्राम–मसिया महुआ टोली , पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में मासा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी मनोज वर्मा, अजित कुमार विश्वकर्मा एवं बेरनार्ड टोप्पो क ` द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–335/24 2. आवेदक–मनीनाथ साहु, पिता–रामु साहु<br>3. ग्राम–डाडहा , पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–341/24 2. आवेदक–यशोदा देवी, पति–जितवाहन साहु<br>3. ग्राम–डाडहा , पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–340/24 2. आवेदक–लक्ष्मीनारायण साहु, पिता मनीनाथ साहु<br>3. ग्राम–डाडहा , पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कपाल पर कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी मनोज वर्मा, सहदुल मंसुरी, जितवाहन कुमार साहु एवं वैरागी उरांव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–822/24 2. आवेदक–राधेश्याम सिंह, पिता–स्व0 प्रितपाल सिंह<br>3. ग्राम–भदौली , पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–823/24 2. आवेदक–विनोद कुमार भगत, पिता–स्व0 फेकु भगत<br>3. ग्राम–तेतरा बालकु टोली ,पोस्ट–कोनवीर नवाटोली, थाना–बसिया, प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–824/24 2. आवेदक–रणविजय सिंह, पिता–राधेश्याम सिंह<br>3. ग्राम–भदौली , पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–825/24 2. आवेदक–मुनेश्वर साहु, पिता–मोहन साहु<br>3. ग्राम–सिसई , पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–826/24 2. आवेदक–त्रिवेणी साहु, पिता–स्व0 विपैत साहु<br>3. ग्राम–लौजी , पोस्ट–खोरा, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में काला तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–827/24 2. आवेदक–महादेव साहु, पिता–बालकिशुन साहु<br>3. ग्राम–करौन्दी , पोस्ट–करौन्दी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल के पास तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–828/24 2. आवेदक–रामानन्द भगत, पिता–नान्दो उराँव<br>3. ग्राम–कुलकेरी, खरवाटोली , पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर मे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–829/24 2. आवेदक–बिजला उराँव, पिता–स्व0 जतरा उराँव<br>3. ग्राम–कुलकेरी, खरवाटोली , पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–830/24 2. आवेदक–सुमित्रा उराँव, पति–बन्धना उराँव<br>3. ग्राम–जलका मथनी , पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–831/24 2. आवेदक–लीना उराँव, पति–सोमरा उराँव<br>3. ग्राम–जलका , पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–832/24 2. आवेदक–सोमरा उराँव, पिता–स्व0 तेम्बा उराँव<br>3. ग्राम–जलका , पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में सफेद दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–833/24 2. आवेदक–कृष्णा लोहरा, पिता–कन्टु लोहरा<br>3. ग्राम–लकेया , पोस्ट–लकेया, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–834/24 2. आवेदक–जितेन्द्र कुमार साहु, पिता–सुरजपाल साहु<br>3. ग्राम–छारदा , पोस्ट–छारदा, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–835/24 2. आवेदक–बिहारी भगत, पिता–योगेन्द्र उराँव<br>3. ग्राम–नगर भण्डार टोली , पोस्ट–नगर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर मे तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–836/24 2. आवेदक–सहादेव साहु(आश्रित पुत्र),पिता–बालकिशुन साहु (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–करौन्दी , पोस्ट–करौन्दी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के सामने तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जितवाहन साहु एवं बैरागी उरांव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–837/24 2. नाम–डेविड कुमार टोप्पो, पिता–थोमस टोप्पो<br>3. ग्राम–लुल्हवा चंदा टोली, पोस्ट–नगर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–838/24 2. नाम–शिवरानी देवी पति–रणविजय सिंह<br>3. ग्राम–भदौली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–839/24 2. नाम– दिनेश गोप, पिता–स्व0 तिरतु अहीर<br>3. ग्राम–पहामू, पोस्ट–भुरसो, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में काला तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–840/24 2. नाम–दिग्विजय सिंह , पिता–राधेश्याम सिंह<br>3. ग्राम–भदौली पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाये पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–841/24 2. नाम–मो0 इसतियाक अंसारी , पिता–अब्दुल माजीद अंसारी<br>3. ग्राम–मदरसा रोड सिसई पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाये पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–842/24 2. नाम–मनोज कुमार सिंह , पिता–राधेश्याम सिंह<br>3. ग्राम–भदौली पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं है । | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–843/24 2. नाम–सुनिता देवी पति–विजय बर्मा<br>3. ग्राम– हकाजाँग पोस्ट–सालम नवा टोली थाना– विशुनपुर प्रखण्ड– विशुनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–844/24 2. नाम–राजेन्द्र प्रसाद साहु , पिता–स्व0 पारसनाथ साहु<br>3. ग्राम–अम्बोवा पोस्ट–सकरौली, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–845/24 2. नाम–मनोहर साहु , पिता–स्व0 राजेश्वर साहु<br>3. ग्राम–अम्बोवा पोस्ट–सकरौली, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–846/24 2. नाम–सिलास बड़ा , पिता–जोसेफ बड़ा<br>3. ग्राम–छोटा पंडरनी, भरनो पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–847/24 2. नाम–विनोद शिखर , पिता–स्व0 जगेश्वर शिखर<br>3. ग्राम–ऊँचडीह, पोस्ट–पारसा, थाना–रायडीह, प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–848/24 2. नाम–करमदेव बड़ाईक , पिता–स्व0 रामचरण बड़ाईक<br>3. ग्राम–नगर भण्डार टोली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–883/24 2. नाम–अरूण बड़ाईक , पिता–स्व0 गोमा चीक बड़ाईक<br>3. ग्राम–नवागढ़, डुमर टोली, पोस्ट–रायडीह, थाना–रायडीह, प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के अंगूठा में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–2216/24 2. नाम–जोन हेनरी टोप्पो , पिता–स्व0 पोलिकार्प टोप्पो<br>3. ग्राम–सिलादोन, पोस्ट–हुलहुण्डु, थाना–तुपुदाना, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–2217/24 2. नाम–जीवन खलखो , पिता–स्व0 घसिया खलखो<br>3. ग्राम–एस0टी0 पॉल स्कूल , बसर टोली, पोस्ट–जी0पी0ओ0, थाना–लोअर बाजार, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जुबैर अंसारी एवं मुमताज अंसारी के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–849/24 2. आवेदक–अमृता देवी , पति–मोहन साहु<br>3. ग्राम–पुसो , पोस्ट–पुसो, थाना–पुसो , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तिलक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–850/24 2. आवेदक–सलमान अली , पिता–स्व0 रमजान अली<br>3. ग्राम–मेन रोड सिसई , पोस्ट– सिसई, थाना–राहे , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष ,पहचान चिन्ह–गाले में तील का दाग का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–851/24 2. आवेदक–सरिता देवी , पति–मोहन मुण्डा<br>3. ग्राम– कुदरा , पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– महिला , आयु–49 वर्ष ,पहचान चिन्ह–बाया हाथ में जलने का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–852/24 2. आवेदक–मोहन मुंडा , पिता–स्व0 इन्दर मुंडा<br>3. ग्राम– कुदरा , पोस्ट– सिसई, थाना–सिसई , प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष ,पहचान चिन्ह–दहिना हाथ में जलन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–853/24 2. आवेदक–मो फारूख ओहदर , पिता–जमिरूदीन ओहदार<br>3. ग्राम– पकरियो , पोस्ट– बेन्डो, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष ,पहचान चिन्ह–दहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–854/24 2. आवेदक–सत्यनारायण साहु , पिता–स्व0 हरिन्द साहु<br>3. ग्राम–छरदा , पोस्ट–छारदा, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष ,पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–855/24 2. आवेदक–निरमाला बखला, पति–अन्तोनी कुल्लू<br>3. ग्राम– सोगडा महतो टोली , पोस्ट– पंडरीया, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– महिला, आयु–67 वर्ष ,पहचान चिन्ह–टेकुना में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–856/24 2. आवेदक–अन्तोनी कुल्लू, पिता–मिरजा लोहरा<br>3. ग्राम–सोगडा महतो टोली, पोस्ट–पंडरिया, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष ,पहचान चिन्ह– घुटना में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–857/24 2. आवेदक–अर्जुन लोहरा , पिता–सीदाम महतो<br>3. ग्राम– हेसा गड्डु पहमू, पोस्ट–भुरसो , थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष ,पहचान चिन्ह– अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–858/24 2. आवेदक–माहा उराँव , पिता–सोमा उराँव<br>3. ग्राम– विसरामपुर , पोस्ट– सरौली, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष ,पहचान चिन्ह–छाती में तील का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–859/24 2. आवेदक–रमेश्वर उराँव , पिता–स्व0 बिरसा उराँव<br>3. ग्राम– गढ़वाली गंगुवा टोली , पोस्ट– पुसो, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष ,पहचान चिन्ह–बाया छाती में तील का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–860/24 2. आवेदक–सलोमी बड़ा , पति–जेरोबस बाड़ा<br>3. ग्राम– रोशनपुर , पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– महिला, आयु–68 ,पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–861/24 2. आवेदक–जोरोबस उराँव , पिता–स्व0 पतरस उराँव<br>3. ग्राम– रोशनपुर, पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष ,पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–862/24 2. आवेदक–सरिफुद्दीन अंसारी , पिता–शाहामत मियाँ<br>3. ग्राम– बघनी, पोस्ट– छारदा, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष ,पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तील का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–863/24 2. आवेदक–भीम सिंह , पिता–अनूप सिंह<br>3. ग्राम–पहाड बगंरू डुमर टोली , पोस्ट–डुरिया, थाना–भरनो, प्रखण्ड– भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष ,पहचान चिन्ह– अंकित नही । | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–864/24 2. आवेदक–प्रेम सागर भगत , पिता–तिलक मन भगत<br>3. ग्राम– लकेया डुमर टोली, पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष ,पहचान चिन्ह–बाया पैर मेंघाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–865/24 2. आवेदक–बैबुल अंसारी , पिता–स्व0 मुदीन अंसारी<br>3. ग्राम– रहमत नगर, पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष ,पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–866/24 2. आवेदक–बनमाली साहु , पिता–स्व0 जीतू साहु<br>3. ग्राम– डड़हा, पोस्ट–सकरौली, थाना– सिसई , प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष ,पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR 341542 Home(24-25)#D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

## संकुल स्तरीय बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संकुल स्तरीय बालक बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में संपन्न हुआ। एक दिवसीय बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता, और मां शारदे के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित किया। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि प्रांतीय योजनानुसार यह वर्ग प्रतिवर्ष आयोजित होता है। बहनों के लिए व्यक्तित्व विकास वर्ग में बहनों को किशोरावस्था से संबंधित होने वाली समस्या एवं उसका निदान को बताया गया। चम्मच रेस, वंदना अभ्यास, बैलून फोड़, अग्नि रहित व्यंजन तथा भैया के लिए शिशु वर्ग बैलून फोड़, वंदना अभ्यास बाल वर्ग 100 मीटर दौड़, किशोर वर्ग कुर्सी रेस, तरुण वर्ग राइफल रेस इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की बहन बाल वर्ग में प्रथम हेमा उरांव, बाल वर्ग भैया में शील अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया प्रथम करमचंद भगत 100 मीटर दौड़, किशोर वर्ग में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की बहन अग्नि रहित व्यंजन में तृतीय स्थान अनुप्रिया एवं धानी कुमारी ने प्राप्त किया। कक्षा प्रथम से तरूण वर्ग में सात संकुल से कुल 70 भैया /बहन शामिल हुए थे।

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार सम्मान समारोह में भाग लेने दिल्ली रवाना हुये मुखिया एवं पंचायत सहायक



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 11 तारिक को न्यू दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत सम्मान समारोह में भाग लेने कैरो प्रखंड के मुख्यालय पंचायत के मुखिया बीरेंद्र महली एवं पंचायत सहायक सोमवार को न्यू दिल्ली के लिए रवाना हुए। विदित हो कि 8 ओक्टुबर 2024 को महिला हितैषी पंचायत चयन को लेकर केंद्रीय टीम के पंचायती राज्य पदाधिकारी संचिका पांडे, त्रिलोक कुमार, गोल्डी राणा एवं सूरज कुमार के द्वारा महिला हितैषी पंचायत निर्माण के लिए मानक आधारों का निरक्षण किया गया था। महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा,रोजगार आदि जिसके आधार पर कैरो पंचायत का चयन किया गया हैं। मुखिया बीरेंद्र महली ने जानकारी दिया कि आने वाले दिनों में महिलाओं के विकास के लिए पंचायत में कई योजना का संचालन किया जाएगा एवं शोषण मुक्त सामाज बनेगा। मौके पर एस पी आर सी आदित्या रंजन, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली सहित झारखंड के विभन्न पंचायत से मुखिया नरेश पासवान, बिनको उरांव, सरिता देवी, भुनेश्वर बेदिया एवं बसंत कुमार मेहता सामिल हैं।

## भाजपा नेता श्रद्धानन्द के पहल पर आदिम जनजाति परिवारों को मिला अनाज



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा प्रखंड के बंगारू पंचायत के पहाड़ टोली बिरहोर कॉलोनी में आदिम जनजाति परिवारों को अनाज नहीं मिलने की सूचना पर कल भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा पहुंचे थे जहां से उन्होंने मोबाइल के माध्यम से उपयुक्त सिमडेगा से बात कर आदिम जनजाति परिवारों की समस्याओं से अवगत कराया था, सूचना के आलोक में उपायुक्त महोदय ने इस समस्या का जल्द निराकरण करने की बात कही थी आज जनजाति परिवारों के लाभुकों को प्रशासन द्वारा एक महीने का राशन प्रदान किया गया शेष 4 माह का राशन इसी महीने प्रदान करने का आश्वासन दिया गया इस नेक कार्य के लिए आदिम जनजाति परिवारों ने भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा एवं उपायुक्त महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद कहा है

## मानवाधिकार दिवस अधिकारों का संरक्षण और संवर्धन : संजय सर्राफ

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है, यह दिवस मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने, उनके उल्लंघन के खिलाफ संघर्ष करने और मानवाधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। मानवाधिकार उन मौलिक अधिकारों को कहते हैं जो प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, भाषा या राष्ट्रीयता का हो। इनमें जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, श्रम का अधिकार, और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे महत्वपूर्ण अधिकार शामिल हैं। मानवाधिकारों का उल्लंघन न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता को खतरे में डालता है,बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास को भी बाधित करता है। 1948 में संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के बुनियादी अधिकारों को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

# कंपनी ने हमारी मांगे पूरी नहीं की तो होगा उग्र आंदोलन : ट्रक ओनर एसोसिएशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन विमरला की एक संयुक्त बैठक पतराटोली बिजली ऑफिस के समीप कल संपन्न हुई। इस बैठक में सभी एसोसिएशन ने एक स्वर से कंपनी की मनमानी रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करने की बात कही गई एवं सरकार के द्वारा बिना वजह 15 वर्ष पुराने ट्रकों को परमिट नहीं दिया जा रहा है,जिसको लेकर परिवहन मंत्री,परिवहन सचिव एवं अन्य अधिकारियों से एसोसिएशन के पदाधिकारी मुलाकात करेंगे एवं लातेहार एम.वी.आई के द्वारा फिटनेस नहीं दिया जा रहा है उस संबंध में भी आला अधिकारियों को इसकी शिकायत की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा के दौरान कंपनी द्वारा समझौते के मुताबिक ट्रीप नहीं मिल रहा है एवं कंपनी कागजात के नाम पर बेवजह ट्रक मालिकों को परेशान कर रही है और एसोसिएशन का साफ कहना है कि जितने ट्रिप पर समझौता हुआ उतना ट्रिप कंपनी दे अन्यथा हम लोगों को कम ट्रिप मिलने की ऐवेज में हर्जाना का भुगतान करें। कंपनी द्वारा सभी अनलोडिंग स्टेशन में कांटा में बेवजह वजन कम दिखाकर ट्रक मालिकों का पैसा काटा जा रहा है इसलिए कांटा में जितना वजन होता है उसका कंपनी पूरा भुगतान करें। किसी भी कीमत पर किसी भी माइन्स में कोई नया नंबर गाड़ी का नहीं होना चाहिए उसके अलावा सेरेंगदाग ट्रकों का परिचालन कंपनी कब से करेगी कंपनी यह भी स्पष्ट करें। विमरला माइंस में अतिरिक्त ट्रीपो की भरपाई की जाए, इसके अलावा अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए यह स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में ट्रकों का परिचालन (ट्रांसपोर्टिंग) बंद नहीं होगी। इसके लिए सभी आँनर एकजुट है और सभी ने एक स्वर से कहा कि किसी भी परिस्थिति में ट्रकों का परिचालन ठप नहीं होने दिया जाएगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, झारखंड पठारी चंदवा ट्रक ओनर एसोसिएशन की ओर से धर्मेंद्र कुमार, रोहित अग्रवाल, मुंद्रिका यादव, संतोष साहू, एलजी एसोसिएशन की ओर से अभय सिंह, बरज सिंह, महताब आलम गुड्डु, मोहम्मद बबलू, रहमत अंसारी, झारखंड विमरला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय राम, बिन्नू, संजय साहू, अजमल कुरैशी, समसुल अंसारी, शकील खान, सचिन कुमार, बुल्लू, सोनम राज, गोलू, महेंद्र, जसबीर, हरिचरण साहू, रामखेलावन साहू, ओम सिंह, मनीष सिंह, इरफान आलम,मंजूर मियां, अर्जुन वर्मा, दिनेश साहू, सबलू इरशाद आजाद, मनोज साहु, शिवनाथ यादव, सुरेंद्र, राजेंद्र, मोहम्मद अमानुल्लाह, मोहम्मद राजू, मोहम्मद गुड्डु, मनोज गुप्ता, राजेश शर्मा, मोती सिंह,जीतू सिंह, जतरू मुंडा, कृष्णा महतो,चंदन सिंह, बंटू साहू, जैनुल अंसारी, लालदेव महतो, तारकेश्वर महतो, दीपक साहू, प्रेम नाथूराम, मनोज उरांव, चंदन यादव, आलोक प्रजापति, जगदेव ऊराँव, मोहम्मद नसीम, रामधनी प्रजापति, सगीर अंसारी, फिरोज रही, विजय प्रसाद, वीरेंद्र महतो, शाकिर अंसारी, मुख्तार अंसारी, मुन्ना खान, रामकिशोर राम, मोहम्मद रिजवान, तौहीद सहित सैकड़ो ट्रक मालिक उपस्थित थे। इस संबंध में कंपनी को ज्ञापन सौंपते हुए कंपनी को अविलंब इन चीजों पर सुधार करने को कहा गया है, अन्यथा एक सप्ताह के भीतर स्थिति में सुधार नहीं होने पर पुनः बैठक कर कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार किया जाएगा।

## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करना, समाज की पहला प्राथमिकता : सोनिया मंजुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडु लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान सीडीपीओ सोनिया मंजुल का आह्वान-एक आवाज एक साथ हिंसा के खिलाफ प्रचार एवं जागरूकता बहुत जरूरी है। बाल विकास परियोजना कूडु के तत्वाधान में प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करना। समाज का पहला कदम होना चाहिए। इसके लिए समाज के हर क्षेत्र के प्रति जागरुकता अनिवार्य है। यह नागरुकता अभियान पारिवारिक गाँव टोला पंचायत स्कूल एवं प्रखंड स्तर पर जारी रहेगा। महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों के हिंसा पर सभी जगह परिचर्चा एवं चिंतन आवश्यक है। साथ ही इसके उन्मूलन के लिए सामाजिक संगठनों के साथ योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विक्षेष रूप से POCSO 2012 एवं इसके टोल फ्री नम्बर की विशेष जानकारी दी गई। साथ ही गुड टच और बैड टच पर भी लोगों को जागरूकता दिया गया। ऑर्गेनाइज्ड एंड अनोर्गनाइज्ड सेक्टर में POSH 2013 से संबंधित अधिकारों पर चर्चा हुई। सोच एवं चरित्र में निरंतर बदलाव हेतु चेष्टा पर जोर दिया गया। विशिष्ट दत्तक ग्रहण प्रक्रिया एवं सुविधा पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। विशिष्ट दत्तक ग्रहण एवं पालन प्रक्रिया को लोगों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में एकजुट संस्था प्रतिनिधि ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच और समर्पण सी सी आई का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर शैलेंद्र एक्का, अभिषेक कुमार, इमरान असद सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले विधायक भूषण बाड़ा, जिले के विकास में अधिक ध्यान देने का किया आग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विधायक पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। मौके पर विधायक ने हेमंत सोरेन को बुके देकर अबुआ सरकार बनने की बधाई दी। विधायक ने कहा कि एक बार राज्य में अबुआ सरकार बनने से राज्यवासियों में विकास को लेकर नई उम्मीद जागी है। अब लोगों को भरोसा है कि बहुत जल्द सपनो का झारखंड हकीकत में बदलता दिखेगा। जहां की माटी, पानी, हवा जंगल सब अपना होगा। हर हाथ को काम और हर हुनमंद को स्वरोजगार मिलेगा। क्षेत्र में समस्या शून्य होगी। मजदूर, किसान, ब्यापारी, महिला, युवा, बुजुर्ग सभी को उनका हक और अधिकार मिलेगा। पढ़े लिखे युवाओं को घर बैठे नौकरी मिलेगा। खेल खिलाड़ियों को सम्मान मिलेगा और पूरा झारखंड तरक्की और खुशहाली का गीत गायेगा। भूषण बाड़ा ने कहा है कि हेमंत सरकार के गठन के बाद सिमडेगा वासियों को भी काफी उम्मीद जागी है। सिमडेगावासी जिले को पर्यटक स्थल का दर्जा मिलने की आस लगाए बैठे हैं। किसान हर खेत मे पानी पंहुचने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री से क्षेत्र की समस्याओं को दोहराते हुए आग्रह किया कि इस बार सिमडेगा जिले को सरकार द्वारा अधिक ध्यान दिया जाए। विधायक ने उम्मीद जताई कि हेमंत सरकार राज्य के चीक बड़ाईक, लोहरा, डोमरा, भुइयां, तुरी, घांसी समाज के खतियान में दर्ज त्रुटि को शिविर लगाकर सुधार कर समाज के जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रहे परेशानी को दूर होगी। जिले में ओबीसी का अक्षण बढ़ेगा। राज्य के आदिवासी समाज का एवं ईसाई समाज का चहुमुंखी विकास होगा। विधायक ने पालकोट प्रखंड के विकास की गति बढ़ने की भी उम्मीद जताई।

## सुषमा सिंह के आवासीय परिसर में जय श्री राम समिति कोर कमेटी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज जय श्रीराम समिति के कोर कमेटी की बैठक हरमू रोड स्थित सुषमा सिंह के आवासीय परिसर में की गई। जिसमें कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता मौजूद थे। आयोजित बैठक में समिति के प्रति मीडिया में गलत बयान बाजी कर समिति को बदनाम करने की साजिश को लेकर चर्चा हुई। इस तरह के साजिश से समिति के लोग खासे नाराज हैं इसलिए सर्व समिति से निर्णय लिया गया की आने वाला 11 दिसंबर को 11:00 बजे गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्विट हॉल में आवश्यक बैठक होगी। बैठक में कोर कमेटी सदस्य, जिला संरक्षक, जिला कमेटी, नगर कमेटी, महिला कमेटी, प्रखंड, पंचायत कमेटी एवं पूर्व के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ दो दिवसीय तामड़ा जतरा महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में दो दिवसीय अखंड पंचमी के मौके पर आयोजित जतरा रविवार रात को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह, मुख्य संरक्षक सखी यादव के द्वारा विधिवत कार्यक्रम का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। स्वागत भाषण अध्यक्ष कुबेर कैथवार के द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी विरासत और हमारी संस्कृति का बचाव में एक महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के दो दिवसीय आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को मैं धन्यवाद देता हूं की ऐसे आयोजन करने से हमारे युवा पीढ़ी के अंदर अपनी विरासत और संस्कृति को बचाने में एक अनूठी मिसाल पेश की है। उनका किसी प्रकार आयोजन होता रहे जिससे कि समाज में गीत-संगीत और परंपरा का लगातार युवाओं के अंदर जोश और समाज में धर्म के प्रति लोग जागरूक रहें। उन्होंने युवाओं को नशा पान समाज में फैली कुरीतियों अन्य चीजों से दूर रहते हुए समाज के निर्माण करने के लिए अपील किया। कार्यक्रम में झारखंड के मशहूर कलाकारों जिसमे रुपेश बड़ाईक ने वंदना के साथ शुरुआत की जिसके बाद कुमार प्रीतम, बरखा बड़ाईक, चंदन दास, आशीष भारती, शखि यादव, सत्या महतो के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत करते हुए उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर डांसर काजल एवं रिमा ठाकुर के द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी और भोजपुरी गीतों पर नृत्य कर वाहवाही लूटी। वही विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी दिनेश कुमार प्रजापति दलबल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगो का जनसैलाब उमड़ा एवं आयोजित कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के मुख्य सरंक्षक -शखी ग्वाला, हीरा राम लाल महतो, अध्यक्ष कुबेर कैथवार उपाध्यक्ष संतोष साहू, राहुल मिश्रा विकास साहू, सचिव, राहुल कैथवार, सुभाष कैथवार, कोषाध्यक्ष अरविंद कैथवार छोटा साहू, ब्रजनाथ कैथवार, किशोर माझी संरक्षक मनोज सिंह, अनूप केशरी, मनोज केशरी, शत्रुघन श्रीवास्तव, फूलचंद ठाकुर, जितेंद्र पुरी मुकेश मिश्रा, अशोक गुप्ता, पूणा सिंह, अशोक केशरी, विजय केशरी, अमृत सहित अन्य सभी पदाधिकारी व मीडिया प्रभारी अमन मिश्रा शामिल है।

## मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविर में सरकारी योजनाओं के लाभ हेतू जागरूकता आवश्यक : नसीम अंसारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 दिसंबर रविवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन में डालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का विधिवत उदघाटन चीफ एलएडीसी नसीम अंसारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य, सहायक एलएडीसी भूपेन्द्र कुमार, कैरो प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डा0 राकेश कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से शिविर का दीप प्रज्वलित कर विधिवत रुप से उद्घाटन किया। शिविर को संबोधित करते हुए चीफ एलएडीसी नसीम अंसारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं के लाभ पाने के लिए जागरुकता के साथ-साथ जानकारी आवश्यक है। एलएडीसी ने कहा कि समाज में चली आ रही है कुप्रथाओं का अंत सभी के सहयोग से ही संभव है। प्रविपदा0 सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने कहा कि किसी प्रकार की विकास योजनाओं के लाभ लेने हेतु ग्रामीण सीधे प्रखंड कार्यालय आकर मुझसे मिलें, सरकार अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। शिविर में पीएम आवास, अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन, कृषि, व कल्याण विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी शिविर में उपस्थित लोगों को दी गई। शिविर मे कल्याण विभाग के द्वारा विद्यार्थियों के बीच साईकल का वितरण, आवास योजना के लाभुको बीच स्वीकृति पत्र का वितरण, पेंशन योजना के तहत लोगो के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण समेत लोगो के बीच लाखों रुपये का संपति का वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, अधिश खाखा, अमन शिखर, विनय भगत समेत अन्य अधिकारी, प्रखंड सह अंचल कर्मी के अलावे बड़ी संख्या मे योजनाओं के लाभूक शिविर में उपस्थित थे।

### समाज और देश के विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है : दिलीप प्रताप सिंह शेखावत

## बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका का उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण 2.0 के तहत पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका के लिए आईपीईएल की विशेषज्ञ टीम के द्वारा जिला समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से आज उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप-विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि समाज और देश के विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा की आधारशिला रखा जाती है। गर्भवती महिला के नियमित जांच व पोषण, पोषाहार के जरिये स्वस्थ शिशु का ध्यान रखा जाता है। जन्म के बाद बच्चों को पोषाहार, कुपोषण की जांच, पोषणयुक्त आहार के जरिये स्वस्थ्य शिशु की पौध तैयार की जाती है। इसके साथ-साथ विद्यालय जाने से पहले आंगनवाड़ी केंद्र में ही बच्चों को प्रारंभिक साक्षरता का पाठ पढ़ाया जाता जाता है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका का कार्य देश के भविष्य को गढ़न में बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाना चाहिए। इसी प्रकार पीवीटीजी जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी उनकी संस्कृति व उनके तौर-तरीकों के साथ समन्वयय बनाते हुए पढ़ाया जाना चाहिए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज प्रशिक्षण के जरिये सभी मास्टर ट्रेनर्स(सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका) लाभ उठाएं और गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त करें। आज राष्ट्रीय स्तर पर बात की जाय तो राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में आंगनवाड़ी केंद्रों और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बेहतर कार्य हो रहा है। हमें उस मॉडल पर काम करने की जरूरत है। जब आज प्रशिक्षण के बाद आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्य करें तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने बताया कि आज के उन्मुखीकरण कार्यशाला के बाद मास्टर ट्रेनर्स (सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका) द्वारा प्रखण्ड स्तर पर सभी प्रखण्डों में 11 से 18 दिसंबर तक आंगनवाड़ी सेविकाओं के क्षमतावर्द्धन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की प्रारंभिक देख और शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन को विस्तार दिया जा रहा है। इसी अवधारना के साथ नव चेतना और आधारशिला नामक दो पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। नवचेतना जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन तथा आधारशिला 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग समावेशन और रेफरल की प्रक्रिया भी शामिल है।

## चलते चलते एक नजर

### उप्र के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा पहला विमान, इंडिगो फ्लाइट की सफल लैंडिंग

**नई दिल्ली** : उत्तर प्रदेश के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को फ्लाइट की सफलपूर्वक टेस्ट लैंडिंग हुई। इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट संख्या,320 नियो ने नोएडा एयरपोर्ट पर पहली सफल लैंडिंग की। एयरपोर्ट पर विमान का वॉटर कैनन से स्वागत किया गया। ये एयरपोर्ट अप्रैल 2025 से कमर्शियल उड़ानों के लिए खुल जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) ने अप्रैल 2025 में हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से पहले, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण आयोजित किया। एनआईएएल ने अगले साल 17 अप्रैल, 2025 को हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से पहले आज पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण किया। राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइन का एक परीक्षण विमान तकनीकी मूल्यांकन के लिए नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। अगले साल अप्रैल, 2025 में वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू होने से पहले ये विमान तकनीकी मूल्यांकन के लिए जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा से जुड़े सभी परीक्षण पूरे हो गए हैं। नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने शुभारंभ के लिए तैयार है। अप्रैल में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों गंतव्यों के लिए करीब 30 उड़ानें रवाना होने की उम्मीद है। इसके पहले चरण में प्रमुख घरेलू शहरों को जोड़ने वाली 25 उड़ानें और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए तीन उड़ानें होंगी। इसके अलावा दो उड़ानें कार्गो सेवाओं पर केंद्रित होंगी। उल्लेखनीय है कि नोएडा एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबा एवं 60 मीटर चौड़ा पहला रनवे तैयार है। रनवे पर मार्किंग और लाइटिंग का कार्य पूरा हो चुका है।

### इस्कॉन ने जताई बांग्लादेश में नरसंहार की आशंका

**कोलकाता** : इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के नरसंहार की आशंका जाहिर की है। इसके साथ ही संगठन ने भारत से बांग्लादेश पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि हालात काबू में आ सके। संगठन के वरिष्ठ अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अगर बांग्लादेश में हालात नहीं संभाले गए तो वहां बड़ा नरसंहार हो सकता है। इस्कॉन-कोलकाता के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने रविवार शाम यह गंभीर बयान दिया। दास ने कहा कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी लोग इस्कॉन के अनुयायियों के खिलाफ नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई वीडियो सामने आए हैं जिनमें कट्टरपंथी आम लोगों को उकसा रहे हैं और कह रहे हैं कि ÷इस्कॉन एक कैंसर है, जिसे काटकर ही खत्म किया जा सकता है।दास के अनुसार, ऐसे कट्टरपंथी अपने सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में अनुयायियों को इस्कॉन के अनुयायियों को खत्म करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक कट्टरपंथी नेता अपने निजी विमान से बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों को भड़काने का काम कर रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कट्टरपंथियों को रोकने में विफल रहने पर बांग्लादेश में हालात और बिगड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये कट्टरपंथी आम लोगों को नरसंहार के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने प्रभात मंत्र से की खास बातचीत

# पंचायत प्रतिनिधियों को मिलेगा उनका हक और अधिकार : दीपिका पाण्डेय

रवींद्र-परवेज @ प्रभात मंत्र

**रांची।** ग्रामीण विकास एक बहुत बड़ा विभाग है। इस विभाग की सशक्त बनाने के लिए कई प्राथमिकताएं हैं। इस विभाग में कई तरह की जिम्मेदारियां भी है। इन जिम्मेदारियों के तहत ईमानदारी पूर्वक गांव व पंचायत को मजबूत बनाना है। गांव का विकास करना है। हर ग्रामीणों को उनकी मूलभूत जो ज़रूरतें हैं, उन जरूरतों की पूर्ति करना है। उक्त बातें ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कही। दीपिका पांडे ने प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए बताया कि पहली प्राथमिकता यह है कि किसी भी ग्रामीण को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़े। साथ ही प्रखंड पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र की ग्रामीणों को किसी तरह से परेशान न करें। उसे विभागों का चक्कर न लगवाएं। उनकी जो ज़रूरतें हैं, उनकी जो समस्याएं हैं, उनका निदान तुरंत करें। गांव में जाएं, चौपाल लगाये और हर एक की समस्याओं का निदान करने की जिम्मेदारी उठाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का जो सड़क अभी तक मुख्य सड़क से नहीं जुड़ पाया है, वैसे सड़कों का निर्माण सरकार की प्राथमिकता है। कोशिश की जाएगी की वैसे क्षेत्रों को चिन्हित करना जहां आज तक ग्रामीणों के घर से मुख्य मार्ग तक



सड़क नहीं बन पाया है, वैसे पिछड़े गांवों को पहले विकसित करना है। उन गांवों को रोड से जोड़ना है। पंचायती राज को सशक्त बनाना है। पंचायती राज में जो खामियां हैं, उनको दूर करना है। नए तरीके से पंचायत्री राज को सशक्त किया जाएगा। ताकि आने वाले समय में पंचायती राज की जो प्राथमिकताएं हैं, वह किसी तरह से कमजोर ना हो सके। जनप्रतिनिधियों का जो अधिकार है, उनका अधिकार दिलाया जाएगा। जनप्रतिनिधि को प्राथमिकता दी जायेगी। वार्ड सदस्यों को फंड नहीं मिलता है,तो हमारी प्राथमिकता होगी कि जिस तरह से मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद को फंड निर्गत किया जाता है, ठीक इसी तरह से वार्ड सदस्यों को भी फंड निर्गत कराने की पहल की जाएगी।ताकि ग्रामीण राज व्यवस्था मजबूत हो सके। ग्रामीणों का जीवन शैली बेहतर हो सके। गांव में भी अच्छे स्कूल व कॉलेज स्थापित हो, यह हम सरकार से हम मांग करेंगे। हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गांव के विकास के लिए बहुत बेहतर काम करने जा रहे हैं। आने वाले समय में आप देखिएगा कि किस तरह से गांवों का विकास हुआ है। जन समस्याओं को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जायेगा।

## राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवार घोषित



**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने आंध्र प्रदेश, हरियाणा एवं ओडिशा में होने वाले राज्यसभा के उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। सोमवार को भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार भाजपा ने आंध्र प्रदेश से रयागा कृष्णैया, हरियाणा से रेखा शर्मा और ओडिशा से सुजीत कुमार को राज्यसभा के उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया है।

## जॉर्ज सोरोस मामले में भाजपा हमलावर, पूछा कांग्रेस का देशद्रोहियों से क्या संबंध है

एजेंसी

**नई दिल्ली** :भारतीय जनता पार्टी जॉर्ज सोरोस मामले में कांग्रेस पर लगातार हमलावर है। सोमवार को भाजपा ने आरोप लगाते हुए कांग्रेस से पूछा कि देश द्रोही जॉर्ज सोरोस का उनसे क्या रिश्ता है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि फोरम फॉर डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया-पैसिफिक नामक (एफडीएलएपी) एक संगठन है, जिसकी स्थापना 1994 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लोकतंत्र को बढ़ावा देने के मिशन के साथ की गई थी। इसके चार सह-अध्यक्ष हैं, जिनमें से एक राजीव गांधी फाउंडेशन की अध्यक्ष सोनिया गांधी सह-अध्यक्षों में से एक हैं। एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स को दी जा रही वित्तीय सहायता जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के योगदान से है। सोरोस वही व्यक्ति हैं जिन्होंने खुले तौर पर कहा है कि उन्होंने मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए 1 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। विपक्ष इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहता है। उन्होंने पूछा कि एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स से कांग्रेस का क्या संबंध है? क्या एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स में लिखी गई भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक बातें आपकी (कांग्रेस) समझ से लिखी गई हैं? क्या कांग्रेस का देशद्रोहियों (जॉर्ज सोरोस) से कोई संबंध है?... भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 20 नवंबर को अमेरिका में एक रिपोर्ट जारी हुई।

# मिक्सड मार्शल आर्ट्स द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : मार्शल-आर्ट्स के महागुरू ब्रुसली के 84 वाँ जन्मदिन के अवसर पर द मिक्सड मार्शल-आर्ट्स कार्उसिल (युके) के तत्वावधान में प्रथम पलामू जिला मार्शल- आर्ट्स ब्रुसली महोत्सव का आयोजन संत मरियम विद्यालय कजरी के प्रांगण में किया गया ।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्री अविनाश देव उपस्थित थे। पलामू के विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रतन अवार्ड से नवाजा गया।अवार्ड पाने वाले लोग इस प्रकार हैं-रंजन प्रसाद (स्केटिंग) ,अशुतोष कुमार (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन), सकेन्दर प्रजापति (कराटे), नटवर पाण्डेय (एमएमए),प्रितम चैधरी (ताईकान्डो), अनुपम तिवारी (बॉसिंग) ,श्याम किशोर पाण्डेय (संगीत) ,सनतन सोनी (नृत्य)




इत्यादि। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस समय पर प्रशिक्षकों को मान-सम्मान मिलते रहनी चाहिए क्योंकि प्रशिक्षक है जो बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उचाँई तक पहुँचा सकते है। इसलिए बच्चों को प्रशिक्षको का हमेशा आदर करना चाहिए। यह कार्यक्रम मुख्य प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सौकड़ो कराटेकार उपस्थित थे।

# हिमाचल में पहली बर्फबारी में फंसे 800 पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू

एजेंसी

**कुल्लू** : हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुफ्त लेने आए पर्यटकों के सैकड़ों वाहन अटल टनल और आसपास पहली बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित रेस्क्यू किया है। पुलिस ने अटल टनल के दोनों छोर, उतरी व दक्षिण में फंसे वाहनों और करीब 800 से अधिक पर्यटकों को रेस्क्यू करते हुए देर रात तक मनाली की तरफ भेजा। पहाड़ों में बर्फबारी का लुत्फ लेने भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। बीती शाम पहाड़ों में बर्फबारी का आनंद लेकर कुल्लू में अटल टनल से होते हुए सैकड़ों वाहनों से पर्यटक गुजर रहे थे।



इस बीच रविवार को पहली बर्फबारी के चलते टनल के आसपास जमा बर्फ में गुजरते हुए सैकड़ों वाहनों में सवार पर्यटकों समेत अन्य लोग फंस गए। बर्फबारी में फंसे वाहनों को निकलवाने पुलिस ने मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू के दौरन अटल टनल रोहतांग के उतरी व दक्षिण छोर में फंसे काफी संख्या में पर्यटक व अन्य वाहनों को निकलवाया गया। यह रेस्क्यू करीब 11 बजे रात तक चला और इस दौरान सैकड़ों पर्यटकों को वाहन समेत सुरक्षित मनाली की तरफ भेजा गया। सिस्सू की तरफ ज्यादा बर्फबारी होने के कारण भारी संख्या में पर्यटक वाहनों में फंसे थे। इन सभी वाहनों को रात के समय लाहौल-स्पिति पुलिस ने अटल टनल की तरफ भेजा। जहां से 434 वाहनों को मनाली की तरफ रवाना किया गया। जबकि करीब 100-150 वाहनों को अटल टनल रोहतांग के दक्षिण छोर पर सुरक्षित खड़ा करवाया गया। इन वाहनों में फंसे पर्यटकों को 434 निजी वाहनों से देर रात से सोमवार अल सुबह तक सुरक्षित मनाली तक रेस्क्यू करवाया गया। यह अभियान करीब 3-4 बजे तक चला। डीएसपी मनाली क्षमादत शर्मा ने कहा अभी भी लगातार बर्फबारी जारी है जिस कारण सोलंगनाला से आगे केवल 434 वाहनों को ही भेजा जा रहा है। एसपी लाहौल स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि जिला में बर्फबारी के दौरान पुलिस ने एक सफल बचाव अभियान चलाया, जिसमें खराब मौसम के कारण फंसे हुए 489 वाहनों और 800 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

## सीरिया की स्थिति पर नजर बनाए हुए है भारत

**नई दिल्ली** : सीरिया में विद्रोही समूह की ओर से किए गए सत्ता परिवर्तन पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा है कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सोमवार को विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हम सीरिया में चल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर वहां की स्थिति पर नज़र रखे हैं। हम इस बात पर ज़ोर देते हैं कि सभी पक्षों को सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए। इसमें कहा गया है, ÷हम सीरियाई समाज के सभी वर्गों के हितों और आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण और समावेशी सीरियाई नेतृत्व वाली राजनीतिक प्रक्रिया की वकालत करते हैं। साथ मंत्रालय ने बताया है कि दमिश्क में भारतीय दूतावास वहां के भारतीय समुदाय की सुरक्षा और संरक्षा के लिए उनके संपर्क में है।

# पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक घर में विस्फोट, तीन की मौत

एजेंसी

**मुर्शिदाबाद** : पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रविवार रात हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना सागरपाड़ा थाना क्षेत्र के खैरतला गांव की है, जहां एक पक्के मकान की छत और दीवार का बड़ा हिस्सा विस्फोट के कारण ढह गया। विस्फोट के बाद धुएं के बीच तीन लोगों के क्षत-विक्षत शव मलबे से बरामद किए गए। रविवार रात करीब 10 बजे खैरतला गांव में एक मकान के अंदर जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की छत और एक हिस्सा पूरी तरह ढह गया। स्थानीय निवासियों ने मलबे के बीच तीन लोगों के शव देखे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सागरपाड़ा थाने की पुलिस टीम और बम स्क्वॉड ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया। विस्फोट स्थल से बड़ी मात्रा में स्प्लिंटर और बम निर्माण सामग्री बरामद हुई। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान



मामुन मोल्ला, सगीरुल सरकार और मुस्ताकिन शेख के रूप में हुई है। तीनों खैरतला गांव के ही निवासी थे। पुलिस ने तीनों शवों को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के परिवार ने दावा किया है कि उनके परिजनों की बम मार कर हत्या की गई है। हालांकि, पुलिस का मानना है कि वे लोग घर के अंदर बम बना रहे थे और इसी दौरान हुई लापरवाही से विस्फोट हुआ, जिसमें उनकी जान गयी है। डोमकल के सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी रस्प्रीत सिंह ने बताया, तीनों के शव मौके से बरामद किए गए हैं। विस्फोट के कारणों की जांच जारी है।÷ पुलिस ने रातभर गांव में तलाशी अभियान चलाया। बम स्क्वॉड की मदद से यह जांच की जा रही है कि कहीं और विस्फोटक तो नहीं छिपाए गए हैं।

घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश भी जारी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि विस्फोटक सामग्री मकान में कैसे लाई गई और क्या इसे किसी बड़ी आपराधिक साजिश के लिए तैयार किया जा रहा था। मृतकों के परिवार द्वारा लगाए गए हत्या के आरोपों की भी गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

# यूथ कांग्रेस ने यंग इंडिया के बोल अभियान का पांचवां चरण शुरू किया




एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय युवा कांग्रेस ने सोमवार को यहां अपने यंग इंडिया के बोल अभियान के 5वें चरण का शुभारम्भ किया। यहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने यंग इंडिया के बोल-सीज़न 5 का आगाज़ करते हुए पोस्टर लॉन्च किया। इस मौके पर चिब ने कहा कि संगठन की ओर से एक अभियान शुरू किया गया है, जिसका नाम नौकरी दो, नशा नहीं है। इस अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में देश के युवाओं के बीच जागरुकता बढ़ाना है। आज बेरोजगारी बहुत बढ़ चुकी है। नशाखोरी व्यापक स्तर पर बढ़ चुकी है। हजारों लाखों करोड़ का नशा हमारे देश के युवाओं के बीच खप रहा है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार पर दोषारोपण करते हुए कहा कि देश के युवाओं का भविष्य संवारने की ओर उसका कोई ध्यान नहीं है। चिब ने कहा कि युवा की समस्याओं के प्रति सरकार को जगाने के लिए यूथ को इससे जोड़ेंगे। नशाखोरी और बेरोजगारी पर जो युवा सार्वजनिक तौर पर अपनी बात नहीं रख पाते हैं, वे ÷यंग इंडिया के बोल÷ से जुड़कर अपनी बात अच्छी तरह से इस प्लेटफार्म पर रख सकेंगे। इसमें कोई भी भाग ले सकता है, चाहे वह किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि से हो अथवा नहीं हो। जो अच्छी तरह से बात रखेंगे, उन्हें संगठन में भी जगह दी जाएगी। यह ÷नौकरी दो, नशा नहीं÷ के लिए एक उचित प्लेटफॉर्म है। इस पर रजिस्टर करने के लिए ऐप डाउनलोड करना होगा। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी का यह आलम है कि आईआईटी के 50 प्रतिशत पास आउट को नौकरी नहीं मिल रही है। आए दिन नौकरी मांग रहे छात्रों पर पुलिस की लाठियां बरस रही हैं। दुनिया का हर पांचवां यूथ भारत का है लेकिन प्रति घंटे दो नौजवान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

## श्रीनगर -बारामुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिला आईईडी, सुरक्षाबलों ने किया निष्क्रिय

**बारामुला** : जिले के पलहालन पट्टन इलाके में श्रीनगर-बारामुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षाबलों ने सोमवार सुबह एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर-बारामुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर पट्टन इलाके के पलपोरा पलहालन में आतंकवादियों के लगाए गए आईईडी की जानकारी मिली थी। इस आईईडी को 29आरआर की रोड ओपनिंग पार्टी और पट्टन पुलिस ने देखा था। जिसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि आईईडी की जानकारी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर यातायात रोक दिया गया था। बाद में बीडीएस ने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर से यातायात फिर से शुरू कर दिया गया है।

# भारत में डिजिटल क्रांति से सुगम हुआ है जीवन : कीर्ति वर्धन

एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय विदेश, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व व सोच का प्रभाव है कि आज पूरी दुनिया भारत में हुए डिजिटल क्रांति की तारीफ कर रही है। मोदी सरकार द्वारा 01 जुलाई 2015 को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य डिजिटल सेवाओं, डिजिटल पहुंच, डिजिटल समावेशन और डिजिटल सशक्तीकरण को सुनिश्चित करके भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और डिजिटल रूप से सशक्त समाज में परिवर्तित करना था। आज अगर आप एक क्लिक से पैसा ट्रांसफर करने से लेकर तमाम जरूरी काम कर पाते हैं तो इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी की व्यापक सोच है। केंद्रीय राज्य मंत्री सोमवार को जोरबाग



स्थित पर्यावरण भवन में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा कनेक्टिविटी विषय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया ने 2047 में विकसित भारत की नींव रख दी है। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने देश में डिजिटल क्रांति लाने और लोगों को डिजिटली काम करने के लिए प्रेरित किया है, जो अभूतपूर्व है।

इसका सीधा सकारात्मक असर 140 करोड़ देशवासियों पर हो रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने भारत में डिजिटल क्रांति को लेकर विदेश में हो रही चर्चा व अनुभव से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जब वे विदेश में प्रवास पर होते हैं तो वहां की सरकार के प्रतिनिधि व जनमानस के मुंह से भारत की डिजिटल क्रांति की बात सुनकर बहुत अच्छा लगता है। यह सुखद है कि डिजिटल इंडिया को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन ने पूरे देश को विश्व मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि जब डिजिटल इंडिया की शुरुआत हो रही थी, तब विपक्ष के मित्रों ने जमकर आलोचना की लेकिन वे सब गलत साबित हुए। देश में डिजिटल सेवाओं की वजह से भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगा है। यूपीआई, डिजी लॉकर, डिजी यात्रा, कोविन, आरोग्य सेतु, ई-संजीवनी, उमंग, जेम, दिक्षा, ई-हॉस्पिटल और ई-कोर्ट आदि ऐसे कई पहल करोड़ों जिंदगियों को छू रही हैं। उनके कार्यों को सरल व सुगम बना रहे हैं। देश में डिजिटल क्रांति का ही कमाल है कि अगर देश की राजधानी से 100 रुपये निकलते हैं तो वो 100 के 100 रुपये लाभार्थियों के पास पहुंचते हैं। गांवों में इंटरनेट की पहुंच हुई है। उन्होंने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का जिक्र करते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम से यहां का कार्य काफी व्यवस्थित हुआ है।